रोहतक

शुक्रवार 6 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 03
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 24.1
न्यून. 6.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
| --- | --- | --- |
| सेंसेक्स | 83,313.93 | 503.71 ▼ |
| निफ्टी | 25,642.80 | 133.20 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
| --- | --- | --- |
| सोना | 1,55,000/- | 3660/- ▼ |
| चांदी | 2,40,200/- | 31636/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
| --- | --- | --- |
| रुपया | 90.33 | 14 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 68.47 बैरल | | 1.43% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# अब जेल वार्डनों को पुलिस के समान भत्ता, राशन खर्चा भी बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह किया

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** जेल अकादमी में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि अब वार्डन से हेड वार्डन बनने के लिए 20 वर्ष की बजाय 18 वर्ष का समय लगेगा, बशर्ते वार्डन का रिकॉर्ड अच्छा हो। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में पदक प्राप्त कर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ पिछले दो दशकों से मिलता रहा है। अब करेक्शनल मेडल प्राप्त करने वाले जेल विभाग के कर्मियों को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया जाएगा।

## करनाल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की घोषणा

### पुलिस और जेल कर्मियों का जोखिम लगभग समान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल वार्डनों और हेड वार्डनों को पुलिस विभाग के कांस्टेबलों के समान भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समय जेल वार्डनों को राशन भत्ता 600 रुपए प्रति माह मिलता है, जिसे आगामी वित्त वर्ष में बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति माह किया जाएगा। कन्वेंस भत्ता जो अभी 50 रुपए प्रति माह है, उसे 14 गुणा बढ़ाकर 720 रुपए प्रति माह किया जाएगा।



### वर्दी के लिए अब 3 नहीं साढ़े 7 हजार मिलेंगे

इसी तरह मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऐलान किय कि वर्दी भत्ता 3 हजार रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 हजार रुपये प्रति वर्ष किया जाएगा। इन सभी घोषणाओं से सरकार पर कुल 26 करोड़ 35 लाख रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जिसे सरकार सहर्ष स्वीकार करेगी।

### कैदियों के लिए शिक्षा, रोजगार और तकनीकी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि कैदियों को शिक्षा देने के लिए जेलों के अंदर स्किल डेवलपमेंट कोर्स चलाए जा रहे हैं। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कैदी जेल से बाहर आने पर सम्मानजनक रोजगार पा सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। इसके तहत पांच जेलों में आईटीआई डिप्लोमा और पॉलीटेक्निक कोर्स शुरू किए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### शिलांग : कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। पुलिस महानिदेशक ने कहा, अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है। *एजेंसी*

### यूपीएससी के नोटिफिकेशन में 40 गलतियां, उठे सवाल

**नई दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन 4 फरवरी को जारी किया। इस नोटिफिकेशन में ही 40 गलतियां मिलीं। सोशल मीडिया पर यूजर स्क्रीनशॉट शेयर कर आयोग को ट्रोल कर रहे हैं। उम्मीदवार पूछ रहे हैं कि अगर वे ऐसी गलती करें तो नंबर कटेंगे। एक्सपर्ट्स ने कहा कि प्रूफरीडिंग में चूक हुई है। फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें। यूपीएससी एक संवैधानिक संस्था है। योग्य और ईमानदार अधिकारियों को चुनने के लिए जिम्मेदार है। *एजेंसी*

# हांसी : दो सगी बहनों ने यूजीसी नेट जेआरएफ में पाई देशभर में टॉप रैंक

**हांसी (हरिभूमि न्यूज)।** ढाणा कलां गांव की दो सगी बहनों ने यूजीसी नेट, जेआरएफ के अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर पूरे भारत में टॉप रैंकर्स की सूची में स्थान प्राप्त किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुट्ठी सैमन के प्राचार्य डॉ. योगी अनूप नाथ की सुपुत्रियां अदिति ने 99.89 पर्सेंटाइल और अपूर्वा ने 99.93 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। दोनों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए



अदिति ने 99.89 और अपूर्वा ने 99.93 पर्सेंटाइल हासिल किया

चयनित किया गया है। प्रथम प्रयास में ही जेआरएफ के साथ शीर्ष पर्सेंटाइल अर्जित करना एक दुर्लभ और सराहनीय उपलब्धि मानी जाती है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अदिति और अपूर्वा ने कहा कि वे इस उपलब्धि का श्रेय अपने संयुक्त परिवार को देती हैं। उन्होंने विशेष रूप से अपनी दादी, माता-पिता, चाचा-चाची, भाई-बहनों तथा परिवार के अन्य सदस्यों का आभार जताया और कहा कि परिवार से मिले संस्कार, अनुशासन और निरंतर सहयोग ने उन्हें लक्ष्य के प्रति केंद्रित बनाए रखा।

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी का चेयरमैन अहमद गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। सूत्रों की माने तो पुलिस सिद्दीक से यूनिवर्सिटी के प्रशासन, वित्तीय लेन-देन और अन्य गतिविधियों से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर पूछताछ करेगी। क्राइम ब्रांच ने निजी विश्वविद्यालय के संचालन से जुड़े कथित अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोपों में यूजीसी की शिकायत पर 2 मामले दर्ज किए थे।



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उठाया

## आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर बुलडोजर चलेगा

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को आसाराम के अहमदाबाद स्थित मोटेरा आश्रम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। यह याचिका राज्य सरकार द्वारा आश्रम की जमीन को अपने कब्जे में लेने के खिलाफ लगाई गई थी। इसके बाद सरकार को आश्रम की जमीन अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया है। आश्रम की 45,000 वर्ग मीटर से अधिक की जमीन पर 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की है। गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने इस मामले में सुनवाई की।



हाईकोर्ट ने दिया जमीन वापस लेने का आदेश

## राज्यसभा में बोले-कांग्रेस के समय डील यानी बोफोर्स घोटाला

# मोहब्बत की दुकान चलाने वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाते हैं : पीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है। पीएम बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि जब तक राहुल नहीं बोलेंगे, पीएम को नहीं बोलने देंगे।

**कांग्रेस का वॉकआउट बोलीं-जब तक राहुल नहीं बोलेंगे पीएम को नहीं बोलने देंगे**

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का दिया जवाब

### मैं रोज 2 किलो गाली खाता हूं

मोदी ने कहा कि मेरे से किसी ने पूछा मोदी जी आपके स्वास्थ्य का क्या राज है, मैंने कहा रोज 2 किलो गाली खाता हूं। ये मोदी की कब्र क्यों खोदना चाहते हैं, ये सिर्फ नारा नहीं है ये उनके भीतर का प्रतिबिम्ब है क्योंकि हमने 370 की दीवार गिरा दी, इसलिए मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी ने कहा- हमने नार्थ ईस्ट में शांति लेकर आए , पाकिस्तानी आतंकियों को घर में घुसकर जवाब देते हैं। आपरेशन सिंदूर करते हैं इसकी उनको परेशानी होती है, इसलिए वे मोदी की कब्र खोदते हैं। माओवादी आतंक से निपटने के लिए कदम उठाते हैं, हमने सिंधू जल समझौते को हटा दिया इसलिए वे मोदी की कब्र खोदते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की परेशानी कुछ और है ये पचा नहीं पा रहे कि मोदी यहां तक पहुंचा कैसे और पहुंचा तो पहुंचा अब तक टिका कैसे। ये तो मानकर बैठे थे प्रधानमंत्री पद इनके परिवार की जागीर है।



**खरगे ने बैठकर नारे लगाने की इजाजत मांगी**

**नड्डा ने कहा पार्टी को अबोध बालक की बंधक न बनाएं**

### बिरला बोले-कल पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी स्पीच टालनी पड़ी। दरअसल, मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही टाल दी।



### राहुल बोले-पीएम सत्य से डरे

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी पलटवार किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बस सवालों से इतनी घबराहट? मोदी जी सच्चाई से ऐसा डरे, झूठ की शरण ले ली। खैर, जो उचित समझा, वही किया। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम चार दिनों से देख रहे हैं कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है।



## छात्रा से छेड़छाड़ मामले में हकृवि के दो सहायक प्रोफेसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो सहायक प्रोफेसरों को छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में गुरुवार को सस्पेंड कर दिया। यूनिवर्सिटी की बॉयोटेक्नॉलाजी डिपार्टमेंट की पीएचडी की एक छात्रा ने डीन ऑफ कॉलेज को शिकायत दी थी। इस पर संज्ञान लेते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दोनों सहायक प्रोफेसरों अजीव सांगवान और नवीन कौशिक को सस्पेंड कर दिया। इस बारे में विवि प्रशासन का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को शिकायत प्राप्त होते ही निष्पक्ष जांच के लिए यह कार्रवाई की गई है। जांच समिति गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यूनिवर्सिटी की ओर से बनाई गई जांच कमेटी इस मामले में कई बिंदुओं पर काम करेगी। क्या शिकायत में बताए गए समय और स्थान पर आरोपी प्रोफेसर और छात्रा वहां मौजूद थे? इसके लिए डिजिटल साक्ष्य (सीसीटीवी फुटेज) और अटेंडेंस रजिस्टर की जांच होगी।

**कार्रवाई**

**पीएचडी छात्रा ने की थी छेड़छाड़ की शिकायत, एचएयू को सौंपी जांच**

## वाशिंगटन पोस्ट ने थरूर के बेटे ईशान को भी निकाला

**नई दिल्ली (सेंट्रल डेस्क)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने द वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उनके पुत्र और विदेश मामलों के स्तंभकार ईशान थरूर को नौकरी से निकालने के फैसले की आलोचना करते हुए इसे आत्म-विनाश का विकृत कदम बताया है। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए थरूर ने लिखा, द वॉशिंगटन पोस्ट का यह तथाकथित 'व्यावसायिक निर्णय' अजीब है, क्योंकि ईशान का स्तंभ इंटरनेट पर खूब फल-फूल रहा था। ईशान थरूर उन 300 कर्मचारियों में शामिल थे जिन्हें द वॉशिंगटन पोस्ट में बड़े पुनर्गठन के तहत नौकरी से निकाला गया है।

**■ अमेरिकी अखबार से तीन सौ पत्रकारों की छंटनी**

## विमानों और हेलिकॉप्टरों को अपग्रेड कराएगी प्रदेश सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान हादसे में निधन के बाद हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई है। हरियाणा सरकार अपने विमान और हेलिकॉप्टरों के बेड़े को सुरक्षित और अपग्रेड करने की तैयारी कर रही है। हरियाणा के सिविल एविएशन डिपार्टमेंट ने अपने विमानों और हेलिकॉप्टरों के संचालन और रखरखाव के लिए नए और अपडेटेड तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए एक टेंडर जारी किया है। इसके लिए सरकार ऐसी कंपनियों से संपर्क कर रही है जो भारत में एयर ऑपरेटरों को अपनी सेवाएं दे चुकी हों और जिनके पास नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से मैनुअल मंजूर कराने का पिछला अनुभव हो। सरकार ने कंपनियों से 9 फरवरी तक आवेदन मांगे हैं। अगले दिन टेंडर खोले जाएंगे। 31 मार्च 2005 को हरियाणा के तत्कालीन मंत्री ओपी जिंदल और सुरेंद्र सिंह का उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के पास हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया था।

**कंपनियों से टेंडर मांगे**

**महाराष्ट्र डिप्टी सीएम के निधन के बाद अलर्ट**






## गृहमंत्री शाह ने लॉन्च किया एप, दो साल में देशभर में पहुंच का लक्ष्य

# देश की पहली सरकारी कैब सर्विस 'भारत टैक्सी' लॉन्च, पीक आवर्स में नहीं देना होगा ज्यादा किराया

**अब जीरो कमीशन नो सर्ज प्राइसिंग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की पहली सहकारी कैब टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' गुरुवार से दिल्ली और गुजरात के कुछ शहरों में शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में इस एप को लॉन्च किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि, 'सर्विस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ड्राइवरों से कोई कमीशन नहीं लिया जाएगा और वे खुद इस प्लेटफॉर्म के हिस्सेदार या मालिक होंगे। इसके अलावा, पीक आवर्स में यूजर्स को सर्ज प्राइस (ज्यादा किराया) भी नहीं देना होगा। भारत टैक्सी' का उद्देश्य ड्राइवरों को निजी एग्रीगेटर कंपनियों के मॉडल से आजादी दिलाना है। टैक्सी का ट्रायल 2 दिसंबर को दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू किया गया था, जो सफल रहा है।

*भारत टैक्सी को अगले दो साल में देश के सभी राज्यों और प्रमुख शहरों में शुरू करने का टारगेट है। इसके लिए सरकार के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इसे इंटीग्रेट किया जाएगा। दिल्ली के 7 प्रमुख स्थानों पर ड्राइवरों के लिए सपोर्ट सेंटर भी शुरू किए गए हैं।*

### रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम मिलेगा

लॉन्चिंग के दौरान अमित शाह एप के ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 6 ड्राइवर्स (जिन्हें 'सारथी' कहा गया है) को सम्मानित किया। इन ड्राइवर्स को कंपनी के शेयर सर्टिफिकेट बांटे गए। सम्मानित होने वाले ड्राइवर्स को 5 लाख रुपये का एक्सिडेंटल और 5 लाख रुपये का फैमिली हेल्थ इंश्योरेंस कवर दिया गया। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले सभी ड्राइवर्स के लिए रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गईं।




**कमीशन से राहत :** निजी कंपनियां जैसे ओला और उबर आमतौर पर ड्राइवरों की कमाई से 20% से 30% तक कमीशन वसूलती हैं। इसके उलट, भारत टैक्सी 'जीरो-कमीशन' मॉडल पर काम करेगी। यानी ड्राइवर जितनी कमाई करेगा, वह सीधे उसके पास जाएगी। इसके साथ ही, ग्राहकों के लिए भी राहत की बात यह है कि इसमें 'सर्ज-प्राइसिंग' (पीक ऑवर्स में ज्यादा किराया) का सिस्टम नहीं होगा।

## प्रदेश में 16 जज ट्रांसफर नई अदालतों में तैनाती

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए 16 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई तैनातियां कर दी हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व न्यायाधीशों ने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर पर कई अधिकारियों के तबादले और नई तैनातियों के आदेश जारी किए हैं। कुछ अधिकारियों को नई अदालतों की स्थापना के चलते अतिरिक्त दायित्व सौंपे गए हैं, जबकि कई को वापसी पर नई जगह नियुक्त किया गया है। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

- **सुश्री रूपा** को पानीपत से तावडू भेजा गया है, जहां उन्हें नए न्यायालय की स्थापना पर अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के रूप में तैनात किया गया है।
- **सुश्री अनमोल कक्कड़** को करनाल से कुरुक्षेत्र किया गया है।
- **श्री कार्तिक शर्मा** को फिरोजपुर झिरका से घरौंडा भेजा है।
- **श्री ओमेश** को पलवल से कुरुक्षेत्र स्थानांतरित किया गया है।
- **श्री हिमांशु जांगड़ा** को लोहारू से करनाल भेजा गया है।
- **सुश्री स्मृति को** कुरुक्षेत्र से करनाल तथा **सुश्री बेनिका** को रेवाड़ी से तावडू भेजा गया है।
- **श्री आशीष कुमार मंडल** की पुन्हाना से रेवाड़ी भेजा है।
- **श्री चंद्रकांत यादव** की रेवाड़ी से पलवल में तैनाती की गई है।
- **श्री तनुज हांडूजा** को करनाल से असंध, **श्री कुणाल मित्तल** को करनाल से इंद्री तथा **श्री माधव अग्रवाल** को करनाल से सिरसा भेजा गया है।
- **श्री जशनप्रीत सिंह बेनीपाल** को समालखा से जींद भेजा गया है।
- **श्री बवनदीप सिंह** को फरीदाबाद से समालखा भेजा है
- **श्री तनुज शर्मा** को नूंह से फिरोजपुर झिरका और **श्री अजय पाल सिंह मल्ही** को भिवानी से लोहारू में तैनात किया गया है।

## खबर संक्षेप

### गावड़ कंस्ट्रक्शन के मलिक राजेंद्र गावड़िया को पितृ शोक

**हिसार।** हिसार गावड़ कंस्ट्रक्शन के मलिक राजेंद्र गावड़िया के पिता मास्टर छबीलदास श्योराण का गुरुवार सांय निधन हो गया । वह 86 वर्ष के थे ।



उनका अंतिम संस्कार श्री गोरखनाथ गौशाला गांव गेरतपुर बास गुड़गांव में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे होगा। मास्टर छबीलदास के तीन सुपुत्र राजेंद्र गावड़िया राकेश गावड़िया तथा रविंदर श्योराण एवं सुपुत्री सुनीता हैं। वे मूल रूप से हिसार जिले के गांव चिड़ोद निवासी थे । उनके निधन पर अनेक गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया है।

### 7 को नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा होगी

**चंडीगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 कक्षा 9वीं और 11वीं कक्षा में रिक्त सीटों पर दाखिलें के लिए जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे, उनकी परीक्षा 7 फरवरी, 2026 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित होगी। प्रवक्ता ने बताया कि जिन बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। उनके एडमिट कार्ड ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में पंजीकृत अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

### पीजीटी खाली पदों पर दोबारा मांगे आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा कंप्यूटर साइंस (पीजीटी) 1711 पदों के लिए मांगे आवेदन में योग्य उम्मीदवारों की कमी खल रही है। कुल मिलाकर 39 ही साक्षात्कार के लिए चयनित किए गए हैं। वैसे, इन पदों में 1633 सामान्य और 78 पद मेवात कैडर के लिए थे। आयोग की ओर से खाली पदों के लिए एक बार फिर से आवेदन मांग लिए गए हैं। इतने कम युवाओं को इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने को लेकर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई नेताओं ने सवाल खड़े कर दिए हैं, उन्होंने सीधे सीधे आयोग के अध्यक्ष पर हमला बोला है, साथ ही आयोग में चेयरमैन के तौर पर हरियाणा के किसी व्यक्ति को लगाने की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि परीक्षा में सफल होने वाले परीक्षार्थियों को लेकर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। खाली रह गए पदों के लिए अब दोबारा से परीक्षा आदि का शेड्यूल जारी करते हुए विज्ञापन जारी कर दिया गया है।

## खेल मंत्री गौरव गौतम ने की पत्रकारवार्ता बोले, हरियाणा की खेल नीति देश में श्रेष्ठ

# राष्ट्रीय खेल पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री 9 को करेंगे सम्मानित

**गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा समारोह**

***खेल मंत्री गौरव गौतम बोले, सैनी सीएम कप का भी करेंगे शुभारंभ***

**सम्मान समारोह में राष्ट्रीय खेलों के 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक विजेताओं के साथ-साथ खेलों में भागीदारी करने वाले कुल 689 खिलाड़ियों, कोचों को सम्मानित करेंगे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे श्रेष्ठ है और प्रदेश खेलों में सबसे प्रगतिशील है, सरकार खेल नीति के तहत राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से लेकर ओलंपिक पदक तक की उपलब्धियों पर खिलाड़ियों को 51,000 से लेकर 6 करोड़ की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिससे खिलाड़ी आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं। खिलाड़ियों के हितों का ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 9 फरवरी को गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में समारोह आयोजित किया जाएगा।

इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेल पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और सीएम कप-2025 का भी शुभारंभ किया जाएगा। खेल मंत्री हरियाणा निवास पर पत्रकारवार्ता कर रहे थे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सम्मान समारोह में राष्ट्रीय खेलों के 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक विजेताओं के साथ-साथ खेलों में भागीदारी करने वाले कुल 689 खिलाड़ियों, कोचों को भी सम्मानित किया जाएगा।



चंडीगढ़। हरियाणा निवास पर पत्रकारवार्ता करते प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम और अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पदमश्री अवार्ड से सम्मानित भारतीय हाकी खिलाड़ी सविता पूनिया को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा: गौतम

इस मौके पर भारतीय हाकी में उत्कृष्ट योगदान देने व हाल ही में पदमश्री अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी सविता पूनिया को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक लगभग 709 करोड़ की राशि 16970 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा चुकी है। वर्ष 2025-2026 के दौरान 662 खिलाड़ियों को 109 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है, ताकि खिलाड़ियों का कल्याण हो सके। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की सच्ची हितैषी है। प्रदेश में 1500 खेल नर्सरियां खोली गई हैं, जिनमें 37 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास करते हैं।

### 500 और खेल नर्सरियों के खोलने के लिए खेल विभाग ने आवेदन मांगे

गौतम ने कहा कि 500 और खेल नर्सरियों के खोलने के लिए खेल विभाग ने आवेदन मांगे हैं। नर्सरियों में खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल विभाग का मिशन ओलंपिक 2036 है। इसमें हरियाणा का 36 पदक जीतने का लक्ष्य है। इसी दिशा में काम भी किया जा रहा है। आगामी बजट में इसी मिशन को ध्यान में रखकर राशि तय करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में केंद्र का ऐतिहासिक बजट रखा गया है, जिसमें खेलों के लिए 33 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। उन्होंने कहा कि 114 करोड़ की राशि से प्रदेश के खेल स्टेडियमों के कायाकल्प किया जा रहा है, जिसमें से 70 प्रतिशत काम हो चुका है। इस अवसर पर खेल विभाग हरियाणा प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, खेल विभाग के एडिशनल डायरेक्टर अश्वनी मलिक मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए उठा रहे अहम कदम

# पंचायत और शिक्षा विभाग से ले चुके अंडरटेकिंग, मार्च तक दुरुस्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के स्टेडियम में पिछले दिनों खिलाड़ियों की मौत को लेकर सूबे के खेल मंत्री गौरव गौतम ने फिर से दुख जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग और पंचायत की देखरेख में चलने वाले स्टेडियम आदि को लेकर हमने अंडरटेकिंग ले ली है।

सुरक्षा और खिलाड़ियों की जान बेशकीमती है। आने वाले वक्त में इस तरह का हादसा न हो इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने जा रहे हैं। इस क्रम में सभी जिलों में दो डिप्टी डायरेक्टरों को बांटकर उनकी डयूटी लगाई गई है। मार्च तक सारे स्टेडियम दुरुस्त हों और किसी भी तरह से सुरक्षा में चूक आदि नहीं हो इसके लिए बड़ी रकम जारी कर दी गई है। यह उपनिदेशक अपनी रिपोर्ट तैयार कर चुके हैं, जिनके आधार पर काम किया जाएगा।

### तीन हजार नर्सरियों का लक्ष्य, पांच सौ नई जल्द

प्रदेश में तीन हजार नर्सरी का लक्ष्य है, 5 सौ खेल नर्सरियां की जल्द शुरुआत होगी। गौतम ने बताया कि खेल विभाग द्वारा कुल पंद्रह सौ खेल नर्सरी चलाई जानी प्रस्तावित हैं। इनमें से पांच सौ खेल नर्सरियां विभागीय प्रशिक्षकों द्वारा विभाग के खेल परिसरों में चलाई जाएंगी और एक हजार खेल नर्सरियां सरकारी/निजी शिक्षण संस्थानों, निजी खेल संस्थानों (निजी खेल अकादमियां, निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र आदि) और ग्राम पंचायतों को अलॉट की जानी हैं। विभागीय प्रशिक्षकों द्वारा विभाग के खेल परिसरों में पांच सौ खेल नर्सरियां चलाने का फैसला लिया है। प्रशिक्षकों द्वारा नर्सरी चलाई जानी अनिवार्य होगी। यदि किसी भी विभागीय प्रशिक्षक के पास खिलाड़ियों की संख्या 20 से कम होती है, तो प्रशिक्षक का दायित्व होगा कि वह प्रशिक्षण केंद्र पर खिलाड़ियों की संख्या पूरी कर खेल नर्सरी संचालित करना सुनिश्चित करेंगे।

**एचसीएस अधिकारी दीपक कुमार का तबादला:** चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने तत्काल प्रभाव से एक एचसीएस अधिकारी के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। दीपक कुमार, जो वर्तमान में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण, पंचकूला में एचएआईडीपी, एचसीएपीएसडी और एसपीवी में संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, को हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (हारट्रॉन) में संयुक्त प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

### बिट्टू को गद्दार कहना सिख समाज का अपमान : बड़ौली

**चंडीगढ़।** सिख समाज के अपमान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूसरे दिन भी राहुल गांधी का पुतला फूंका और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। लगभग हर जिले में



कांग्रेस और राहुल गांधी की सिख विरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में सुभाष चौक पर भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के अपमान को सिख समाज का अपमान बताया।

## कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने सीएम सैनी से की मुलाकात



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बुधवार देर सांय चंडीगढ़ स्थित उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' पर कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

## राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में बोले सीएम

# प्रदेश में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण क्षमता 3.67 लाख करोड़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा ने देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बदलते समय के साथ कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सामने कई नई चुनौतियां भी आई है, जिनमें गिरता भूजल स्तर, मिट्टी की सेहत में गिरावट, छोटी जोत आकार, जलवायु परिवर्तन और उत्पादन लागत में वृद्धि प्रमुख हैं।

इन चुनौतियों का समाधान परंपरागत तरीकों से नहीं, बल्कि नवाचार, तकनीक और संस्थागत वित्तीय सहयोग से ही संभव है।




### नाबार्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत की

*नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी ने मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विस्तार से नाबार्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा हरियाणा में वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत 3.67 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का आकलन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए 1.32 लाख करोड़ रुपये तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के*


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित पुत्र** कर्मबीर **निवास:** गली नं. 06, लिटिल एंजल स्कूल के नज़दीक, पटेल नगर, सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR No. 239/2018 U/s 452/506/34 IPC. थाना: अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 239/2018 U/s 452/506/34 IPC. थाना: अलीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**प्रियंका राजपूत**
**एलडी. सीजेएम (उत्तर), कमरा नं. 115**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/858/ON/2026**
**(Court Notice)**



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

### शुद्धिपत्र

**एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा-2025**

यह शुद्धिपत्र एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाओं के 102 पदों की भर्ती के लिए 30.01.2026 को आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं. 22/2026 की निरंतरता में है :-

1. हरियाणा सिविल सर्विसेज (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) नियमों-2008 के नियम 12 (3) के मद्देनजर, प्वाइंट नं. 6 (सी) (xi) पर आयु छूट की तालिका में निम्नलिखित प्रावधान जोड़ा गया है :-

| क्र. सं. | श्रेणियां जहां छूट देय है | आयु छूट के लिए वर्षों की सं. |
|---|---|---|
| (xi) | हरियाणा सरकार अथवा उच्च न्यायालय अथवा उनके अधीनस्थ कोई न्यायालय का कर्मचारी, जो 01.01.2026 को या इससे पूर्व किसी स्थाई अथवा कार्यवाहक (तदर्थ को छोड़कर) क्षमता में न्यूनतम 4 वर्ष से सेवा में हो, जो 3 अवसरों की सीमा के अधीन है। उन्हें आयोग को, उनके कार्यालय के मुखिया के माध्यम से अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट अवश्य जमा करवाना चाहिए। | 45 वर्ष की आयु तक |

2. हरियाणा सरकार निर्देश दिनांक 14.01.2026 के मद्देनजर, प्वाइंट नं. 17 (xiv) (i) को निम्नानुसार पढ़ा जाएगा :-
*"हरियाणा के ईडब्ल्यूएस श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सं. 22/12/2019-1जीएस-III दिनांक 25.02.2019 / 14.01.2026 के तहत जारी हरियाणा सरकार निर्देशों (सीएस हरियाणा की वेबसाइट अर्थात http://csharyana.gov.in/ पर उपलब्ध) के अनुरूप आवश्यक सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य है।"*

अन्य नियम व शर्तें, यद्यपि उक्त विज्ञापन सं. 22/2026 (आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) में वर्णित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे। सं. 22/2026 के तहत पहले ही जारी किये गये विज्ञापन को उपरोक्त विस्तार तक संशोधित किया माना जाए।

अधिक जानकारी/अपडेट्स के लिये, उम्मीदवारों को नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

**दिनांक : 05.02.2026**
संवाद-1156/13/376/2026/42745/88/6 दि. 05.02.26

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 23/2026** **प्रकाशन की तिथि : 05.02.2026**

**1. पद का नाम और पदों का श्रेणीवार विभाजन :**

आयोग शेष हरियाणा कैडर और मेवात कैडर हेतु कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-**

| पीजीटी-कम्प्यूटर साइंस | | | | | | | | महिला उम्मीदवार के लिए 33% हॉरिजंटल आरक्षण | | | | ईएसएम | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | कैडर | कुल पद | सामान्य | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | सामान्य | एससी | बीसीए | बीसीबी | वीएच | ओएच | एचएच | आईडी/एमडी |
| 1. | आरओएच | 1594 | 859 | 327 | 163 | 82 | 163 | 277 | 108 | 54 | 27 | 45 | 16 | 08 | 04 | 17 | 17 | 16 | 09 |
| 2. | मेवात | 78 | 43 | 15 | 08 | 04 | 08 | 14 | 05 | 03 | 01 | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 | 00 |

**टिप्पणी :** डीएससी/ओएससी में एससी श्रेणी के पदों का विभाजन बाद में घोषित किया जाएगा।

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा की प्रारम्भिक तिथि : 16.02.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा की अन्तिम तिथि : 09.03.2026 अप. 5.00 बजे तक
सी) शुल्क जमा की अन्मि तिथि : 09.03.2026 अप. 5.00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए लॉगऑन करें : http://hpsc.gov.in

दिनांक : 05.02.2026
संवाद-1156/13/377/2026/42772/88/6 दि. 05.02.26

**हस्ता/- सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लाभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | आरडी 128.230, 128.240 और 135.13 पर 3 अदद पुल समेत करनाल असंध जीन्द हांसी तोशाम सोदिवास रोड (सेक्शन हांसी तोशाम रोड) एसएच-12 आरडी 127.68 से 131.08 और 132.10 से 138.68 तक 4-लेनिंग / मजबूतीकरण (रोड आईडी 5198) (एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 04.02.2026 13.02.2026 | 369.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में रतिया में राजकीय आईटीआई जाखनदादी का निर्माण (बकाया ईआई कार्य और ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 03.02.2026 10.02.2026 | 40.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले नागरिक हस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल)। | 04.02.2026 13.02.2026 | 606.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | ड्रेन नं. 8 के आरडी 218000-एल पर बिशान लिंक ड्रेन आउटफॉल के आरडी 0 पर टेल रेगुलेटर सहित 50 सीएस पम्प हाउस का निर्माण + 1 कार्य। | 04.02.2026 13.02.2026 | 469.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल सं. 1, नारनौल के तहत पम्प हाउस एएलएम-1 शाहबाजपुर डिस्टी. पर पीवीसी एक्सएलपीई आर्मर्ड एलटी पावर केबल एल्यूमीनियम कंडक्टर आर्मर्ड केबल की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 10.02.2026 | 1.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | ओट्टू वीयर सभी रेगुलेशन गेट्स के क्षतिग्रस्त इलैक्ट्रिक और मैकेनिकल संघटकों को बदलना और प्रथम बार मुख्य मरम्मत + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.02.2026 | 1023.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल नारनौल में 33 केवी सब स्टेशन, पम्प हाउस एनबी-3 पर मौजूदा 3.5 एमवीए 33/3.3 केवीए पावर ट्रांसफॉर्मर का 5 एमवीए 33/3.3 केवीए ट्रांसफॉर्मर के साथ संवर्धन। | बंद होने की तिथि 11.02.2026 | 98.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, डीएमएफ। | 02.02.2026 13.02.2026 | 202.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 3 कार्य। | 03.02.2026 10.02.2026 | 146.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण हरियाणा द्वारा मृदा परीक्षण करने वाली प्रयोगशालाओं में अपेक्षित एनएबीएल सर्टिफाइड ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस की अधिप्राप्ति हेतु 02 वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 06.02.2026 20.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | जल टैंक, 0.5 एचपी मोटर और आरओ। | 06.02.2026 20.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/220/42762/I/88/6 दि. 05.02.26



## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट, एन. रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप में 2086 मैन-डे (298 दिन) के लिए 07 डेटा एंट्री ऑपरेटरों की हायरिंग और साथ ही PC और प्रिंटर की खरीद।" | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 02.03.2026 प्रातः 11:45 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 04.02.2026 18:34 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 28,33,497.80/- सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 56,700/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 298 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 16.02.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 02.03.2026 प्रातः 11:45 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं। | | |

सं.: 56/W/इलेक्ट/25-26/T/16/डीईओ की भर्ती 397/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## Horticulture Department Haryana

O/o District Horticulture Officer, Narnaul, Mahendragarh
Add: Near Jethu Baba Mandir, Dharsu Road, Nasibpur, Narnaul
Email: dhonarnaul@gmail.com, Ph: 01282-260235

### सर्वसाधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ के स्टोर से संबंधित नाकारा सामान की निलामी दिनांक 13.02.2026 दोपहर 12:00 बजे जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नारनौल के प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोली दाताओं को उपरोक्त समय एवं स्थान पर नाकारा सामान की बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इससे संबंधित नियम एवं शर्तों बारे मौके पर अवगत करवाया जाएगा। नाकारा सामान का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. No. | Description of Articles | Quantity (Nos.) |
|---|---|---|
| 1 | Ceiling Fan | 04 |
| 2 | Steel Almirah small | 02 |
| 3 | Revolving Chair | 08 |
| 4 | Air Cooler | 04 |
| 5 | Inverter with 02 battary | 01 |
| 6 | Decowell Visitor Chair | 21 |
| 7 | Lloyd A.C 1.5 ton | 01 |
| 8 | Iron Rack | 01 |
| 9 | Boss Counter Table | 01 |
| 10 | Computer Printer HP Laser Jet 1005 | 02 |
| 11 | Fax Machine Panasonic | 01 |
| 12 | Computer system Dell | 01 |
| 13 | Jio Modem (Wi-FI) | 01 |
| 14 | Rappo Keyboard | 01 |

संपर्क करें। इच्छुक बोली दाता इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए दूरभाष न0. 9050218787 पर

निलामी स्थान का पता: जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नारनौल, नजदीक जेवू बाबा मंदिर, धरसू रोड, नसीबपुर नारनौल-123001

**हस्ता/-जिला उद्यान अधिकारी**
**नारनौल।**

पीआरडीएच-1149/11/1040/2026/42731/88/6 दि. 05.02.2026




## पीजीआईएमएस रोहतक में विधानसभा स्वास्थ्य समिति का औचक निरीक्षण

# मरीज बोले-नहीं मिल रहीं पूरी दवाइयां निजी अस्पताल के एजेंटों का फैला जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

> छह विधायकों ने ओपीडी और वार्डों का दौरा कर गंदगी पर जताया रोष, शौचालयों की सफाई भी नहीं थी समुचित, मरीजों ने भी शिकायत की

> डॉक्टरों की भारी कमी की बात कमेटी के सामने रखी। अब पीजीआई की जगह एचपीएससी करती है डॉक्टरों की भर्ती, इस वजह से हो रही देरी

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआईएमएस) में गुरुवार को हरियाणा विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वास्थ्य शिक्षा समिति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिससे मरीजों को हो रही परेशानियों की पोल खुल गई। समिति के सदस्यों ने पीजीआई प्रशासन के साथ बैठक की और विभिन्न विभागों का दौरा कर मरीजों से सीधे बातचीत की।

समिति ने चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी सहित कई वार्डों और विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डों में सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। शौचालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी और कई जगहों पर नियमित सफाई नहीं हो रही थी। मरीजों और उनके तीमारदारों ने समिति के सामने दवाइयों की कमी, डॉक्टरों की अनुपलब्धता और इलाज में देरी की शिकायतें रखीं। निरीक्षण के दौरान समिति की बैठक डीसी सचिन गुप्ता और पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसके सिंघल के साथ हुई। समिति ने अस्पताल में प्राइवेट अस्पतालों के एजेंटों की मौजूदगी और कमीशनखोरी की शिकायतों को गंभीरता से लिया। मरीजों ने आरोप लगाए कि उन्हें निजी अस्पतालों में रेफर करने के लिए दबाव बनाया जाता है। समिति के चेयरमैन एवं विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा की कुल 13 समितियां कार्यरत हैं, जिनमें से मेडिकल हेल्थ टेक्निकल एजुकेशन समिति के छह सदस्य पीजीआई के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पीजीआई में लगभग 600 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होने के बावजूद कई जरूरी दवाइयां मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं।


रोहतक। पीजीआई रोहतक में विधायकों के सामने समस्या रखते मरीज।

### लंबी प्रक्रिया में अटकी डॉक्टरों की भर्ती

चेयरमैन कश्यप ने कहा कि पीजीआई में डॉक्टरों की भारी कमी है। हालांकि सरकार ने इस कमी को दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन प्रक्रिया लंबी होने के कारण स्थिति में तत्काल सुधार नहीं हो पा रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में अधिक आय के कारण डॉक्टर सरकारी अस्पतालों में कुछ समय सेवा देने के बाद छोड़ देते हैं, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी रहती है। कांग्रेस विधायक एवं समिति सदस्य इंदूराज नरवाल ने कहा कि डॉक्टरों की कमी पीजीआई की सबसे बड़ी समस्या है। डायरेक्टर ने समिति को बताया कि अब डॉक्टरों की नियुक्ति हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के माध्यम से होती है, जिससे भर्ती प्रक्रिया लंबी हो गई है। यूनिवर्सिटी के पास सीधे भर्ती करने का अधिकार नहीं रहा है। इसके अलावा एचकेआरएन के तहत 1250 युवाओं का अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। इसमें सरकार को पत्र लिखने का सुझाव दिया गया।

### विधानसभा में गूंजेगा मामला, पेश करेंगे रिपोर्ट

निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत में यह भी सामने आया कि आईसीयू बेड दिलाने के लिए पैसे मांगने की शिकायतें हैं। इस मामले की जांच के लिए उपायुक्त को निर्देश दिए गए हैं। समिति के सदस्य एवं महम विधायक बलराम दांगी ने कहा कि पीजीआई में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय, सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और वार्डों की हालत बेहद चिंताजनक है। इन सभी मुद्दों को पीजीआई प्रशासन के समक्ष रखा गया है, जिस पर प्रशासन ने शीघ्र सुधार का आश्वासन दिया है। निरीक्षण के बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

### कमेटी में भाजपा व कांग्रेस के 6 विधायक रहे शामिल

पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि कमेटी में चेयरपर्सन के तौर पर इंद्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम कुमार कश्यप, बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज सिंह नरवाल, महम विधानसभा क्षेत्र के विधायक बलराम दांगी, बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप वत्स, नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार और बावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर कृष्ण कुमार शामिल थे।




**कैथल में वाटर टैंक व कूलर के बिल पास करवाने के लिए मांगा था 10% कमीशन**

## एक लाख रिश्वत लेने पर जिला पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि को 7-7 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

> कोर्ट ने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा रिश्वत लेना जनता के साथ सीधा धोखा है, ऐसे मामलों में सख्त सजा जरूरी है



अतिरिक्त सैशन जज कैथल डॉ. नंदिता कौशिक ने जिला परिषद कैथल में भ्रष्टाचार के एक मामले में सुनवाई करते हुए एक जिला पार्षद और एक पार्षद प्रतिनिधि को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है।

इस बारे में बिजेन्द्र सिंह ठेकेदार निवासी हिसार ने एसीबी अंबाला में 18 जनवरी 2024 को मुकदमा नंबर 3 दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडीए कुलदीप गर्ग ने की। एडवोकेट बलजिंद्र मलिक ने पैरवी में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि ग्रीन नेटवर्क फर्म के संचालक विजेंद्र चहल ने जिला परिषद को वाटर टैंक और कूलर सप्लाई किए थे। वार्ड नंबर 11 के जिला परिषद सदस्य विक्रमजीत व वार्ड नंबर 3 की महिला पार्षद का पति भरत ढुल इसकी 30 लाख रुपये पेमेंट करवाने के लिए दस प्रतिशत कमीशन मांग रहे थे। बाद में इनकी एक लाख रुपये में सेटलमेंट हो गई। बाद में दोनों एक लाख रुपये रिश्वत लेते पकड़े गए। इनकी वॉयस रिकॉर्ड कर ली थी। अदालत ने विक्रमजीत पार्षद को सात साल की सजा व एक लाख रुपये जुर्माना तथा भरत ढुल को भी सात साल सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर को दस साल की कैद, 1 लाख जुर्माना

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के एडीजे हेमंत यादव की कोर्ट ने नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को दस साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। एक आरोपी वीरू को बरी कर दिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी सतगुर सिंह ने बताया था कि उसकी तीन बेटियां हैं। उसके पास एक एकड़ जमीन है। घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया था। इसलिए उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर नशा बेचने का काम शुरू कर दिया। 16 मई 2021 को टोहाना शहर पुलिस ने रहनवाली रोड रजवाहा पुल के पास सतगुर सिंह को पकड़ा था। उससे नशीली गोलियों के 200 पत्ते बरामद किए गए थे।

### हाइड्रोजन ट्रेन का अब ट्रैक ट्रायल होगा शुरू

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन इंजन का तकनीकी ट्रायल पूरा हो गया है। तकनीकी ट्रायल के दौरान इंजन से जुड़े सभी प्रमुख सिस्टम संतोषजनक पाए गए। पिछले सप्ताह इंदौर से पहुंची विशेषज्ञों की टीम ने भंभेवा रेलवे स्टेशन के पास इंजन की तकनीकी टेस्टिंग शुरू की थी। इस दौरान हाइड्रोजन इंजन की कार्यप्रणाली, सेफ्टी सिस्टम, प्रेशर कंट्रोल, गैस सप्लाई और कंट्रोल सिस्टम की गहन जांच की गई। अब अगले चरण में ट्रैक ट्रायल की तैयारी की जा रही है। इसके तहत ट्रेन को सीमित गति से चला कर ब्रेकिंग सिस्टम, स्पीड कंट्रोल और ट्रैक पर स्थिरता की जांच की जाएगी। यदि ट्रायल भी सफल रहता है तो 12 फरवरी के बाद नियमित ट्रायल रन शुरू किया जा सकता है।

### नाबालिग को भगाने व रेप में 20 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग को घर से भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी गुरमीत वासी नीमवाला जिला कुरुक्षेत्र को 20 साल कठोर कारावास व 1 लाख 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। एक व्यक्ति ने थाना इस्माईलाबाद में दी शिकायत में बताया कि 4 जून 2022 को उसकी नाबालिग लड़की बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उन्होंने गुरमीत पर शक जताया था।

## दुकान में घुसकर तीन बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर डेढ़ लाख लूटे, भाऊ गैंग का गुर्गा काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

डांगरा रोड पर तीन बदमाशों द्वारा एक ड्राई फ्रूट व्यापारी से पिस्तौल दिखाकर डेढ़ लाख रुपये की नकदी लूट ली गई।

**अपराध का अंजाम**



- कर्मचारी को बट मार किया घायल, पूर्व मंत्री व विधायक मौके पर गए

मामले में पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ को लेकर चार टीमों का गठन किया। इस मामले में पुलिस टीम ने एक बदमाश को वीरवार सुबह काबू कर लिया। पकड़ा गया बदमाश उदित सैनी भाऊ गैंग से जुड़ा बताया गया है। उसके पैरों में चोट लगने के कारण उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। व्यापारी के साथ लूटपाट की सूचना मिलते ही व्यापारियों में रोष फैल गया। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र बबली और टोहाना के विधायक परमवीर सिंह ने भी दुकान पर जाकर दुकानदार से बातचीत की। विधायक ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से भी फोन पर बातचीत कर बदमाशों को जल्द पकड़ने को कहा।

डांगरा रोड स्थित गौरव ट्रेडिंग कम्पनी के मालिक धीरज मेहता ने बताया कि बुधवार देर शाम को वह अपनी दुकान पर था। इसी दौरान अचानक एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर उसकी दुकान में आए। दुकान में घुसते ही इन युवकों ने उस पर पिस्तौल तान दी और रुपयों की डिमांड की। इसके बाद बदमाशों ने गल्ले में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए और जाते समय दुकान की तरफ फायरिंग की। कर्मचारी करमजीत बाहर काम कर रहा था। उसके अनुसार जब उसने बदमाशों से पूछा कि क्या चाहिए तो इन युवकों ने कहा कि वह फिरौती लेने आए हैं और उस पर पिस्तौल की बट से हमला कर घायल कर दिया।

# टिकट जुर्माने में वसूले 17 लाख रुपये हड़प गया रेलवे क्लर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रेलवे ऑडिट टीम ने विभाग के लिपिक द्वारा किया गया 17 लाख का गबन पकड़ा है। ऑडिट टीम को जांच में पता चला कि लिपिक ने यात्रियों से वसूला किराया और जुर्माना रेलवे में जमा करवाने के बजाय खुद की जेब में डाल लिया। ऑडिट में कुल गबन 17 लाख का सामने आया। जीआरपी पुलिस ने हिसार के स्टेशन अधीक्षक प्रेमचंद की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई सुरेन्द्र कुमार कर रहे हैं। रेल अधिकारियों ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिसार रेलवे स्टेशन पर एक वरिष्ठ रेलवे कर्मचारी द्वारा लाखों रुपये के सरकारी राजस्व के गबन का यह पहला बड़ा मामला है। राजकीय रेलवे पुलिस ने सीनियर सीसीटीसी के पद पर कार्यरत बिहार के मधेपुरा के क्लर्क हरिकिशन के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी हरिकिशन फ्री रोस्टर में टिकट चेकिंग के कार्य पर तैनात था। जांच में सामने आया कि एक जून 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच उसने यात्रियों से जुर्माने और किराए के रूप में कुल 17 लाख 610 रुपये की राशि एकत्रित की।

> हिसार रेलवे स्टेशन पर 1 जून 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच हुआ गबन

> रिकॉर्ड में दर्ज राशि और वास्तविक जमा राशि में बड़ा अंतर मिला




### रेलवे के खाते में नहीं दी राशि

नियम के अनुसार जुर्माने का पैसा रेलवे के खाते में जमा होना था, लेकिन आरोपी ने 61 ईएफटी रिटर्न की यह भारी-भरकम राशि न तो सीटीआई कार्यालय हिसार में जमा कराई और न ही यातायात लेखा कार्यालय, जोधपुर भेजी। उसने इस सरकारी धन का व्यक्तिगत लाभ के लिए दुरुपयोग किया।

### गबन राशि की रिकवरी के लिए जांच शुरू

एएसआई सुरेंद्र कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वे रेलवे स्टेशन हिसार जाकर घटना से जुड़े दस्तावेजों को कब्जे में लेंगे। स्टेशन अधीक्षक प्रेमचंद और ऑडिट करने वाले अधिकारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे ताकि गबन की पुष्टि हो सके। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि गबन की गई 17 लाख 610 रुपये की राशि कहां है और क्या इसे रिकवर किया जा सकता है।

### डेबिट मेमो से खुला राज

इस वित्तीय अनियमितता का खुलासा तब हुआ, जब संबंधित शाखा के सीनियर अधिकारी द्वारा ईएफटी रिटर्न के संबंध में डेबिट मेमो जारी किए गए। सीटीआई हिसार की रिपोर्ट और आंतरिक लेखा परीक्षा (ऑडिट) के दौरान पाया गया कि रिकॉर्ड में दर्ज राशि और वास्तविक जमा राशि में बड़ा अंतर है। जब आरोपी द्वारा बार-बार राशि जमा नहीं कराई गई तो विभाग ने इसे आपराधिक गबन मानते हुए पुलिस को लिखित शिकायत दी। इसके बाद आरोपी पर केस दर्ज किया गया।

## 10 दिनों के भीतर सीआरएसयू जींद ने परिणाम घोषित किए

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम रिकॉर्ड 10 दिन में घोषित करने शुरू कर दिए हैं। रीअपीयर के भी परिणाम घोषित हो रहे हैं। इस परीक्षा प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के 26,672 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। यूजी के 14 पाठ्यक्रमों तथा पीजी के चार पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय जींद सदैव विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता रहा है। कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया।


वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

## पटवारियों के बाद तहसीलदार हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

> तीन साथियों की सस्पेंशन खत्म करने की मांग

पटवारियों और कानूनगो की तीन दिन की हड़ताल बुधवार को खत्म हुई ही थी कि अब गुरुवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए। इससे तहसील में रजिस्ट्री आदि कार्यों के लिए आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन ने तय किया था कि रायपुर रानी के तहसीलदार विक्रम सिंगला, वजीराबाद के नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, नारायणगढ़ के तत्कालीन तहसीलदार संजीव अत्री को सस्पेंड करने के फैसले को चुनौती दी जाए और उनकी बहाली की मांग की जाए। अधिकारियों के बहाल न होने तक तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल करेंगे। वहीं, रेवेन्यू पटवारी एंड कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के राज्य प्रधान जयबीर सिंह चहल ने कहा कि पटवारियों की मांगें माने जाने के बाद हड़ताल बुधवार को समाप्त कर दी गई।

### आरोपी तहसीलदार को जेल भेजा

पंचकूला की रायपुर रानी तहसील के तहसीलदार विक्रम सिंगला की रिमांड अवधि खत्म होने पर वीरवार दोपहर कोर्ट में पेश किए गए, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। वहीं, जांच टीम रायपुर रानी के शाहपुर गांव से जुड़ी दूसरी रजिस्ट्रियों की जांच भी शुरू करने जा रही है। विक्रम सिंगला के कार्यकाल में हुई रजिस्ट्री को विभाग के द्वारा चेक किया जाएगा। इस मामले में कुछ और अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, जिन पर फर्जी तौर पर रजिस्ट्री करवाने का शक है।

## अध्यापक की हत्या कर शव को जलाने के दो आरोपी काबू



**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव अमरहेड़ी में अध्यापक की हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने के लिए मकान में आग लगाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गत 20 सितंबर को गांव अमरेहड़ी में मकान बनाकर रह रहे सरकारी स्कूल के अध्यापक राजकुमार के मकान में आग लगी थी। इसमें राजकुमार का अधजला शव पड़ा हुआ था। हालातों से साफ जाहिर था कि राजकुमार की हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने की नियत से आग लगाई गई है। पुलिस ने मृतक के बेटे हिमांशु की शिकायत पर अज्ञात पर मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने जांच का आगे बढ़ाया तो मृतक के भाई राजेश उर्फ कोकन का नाम सामने आया था, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने भाई राजकुमार की हत्या करने तथा शव को खुर्दबुर्द करने के लिए मकान में आग लगाने की बात स्वीकार की थी। पुलिस पूछताछ में जुलाना निवासी रामनिवास तथा गांव शाहपुर हांसी निवासी संजय उर्फ पंडित का नाम सामने आया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

**तबादलों के फोन से परेशान एसई ने एक्सईएन को पत्र लिखकर दिए निर्देश**

# तबादले के लिए नेता का फोन आया तो कर्मचारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तबादला करवाने और रुकवाने के लिए बिजली निगम के एसई के पास राजनेताओं व प्रभावशाली व्यक्तियों के दर्जनों फोन घनघना रहे हैं। इससे परेशान होकर अब दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद ऑपरेशन सर्कल के एसई ने फतेहाबाद व टोहाना के एक्सईएन को पत्र लिखा है। एसई ने पत्र में चेतावनी दी है कि अगर किसी कर्मचारी ने आदेशों का पालन नहीं किया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। यह पत्र 2 फरवरी को जारी किया गया है। बता दें कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में तैनात कर्मचारी अपने तबादले संबंधी काम के लिए नेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों की सिफारिश लगवा रहे हैं। ऐसी सिफारिशों से परेशान एसई ने यह पत्र लिखा है।


*हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के नियम 26 का दिया हवाला*

### पत्र में एसई ने दी कर्मचारियों को फोन न करवाने की चेतावनी

*पत्र में एसई ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के अनुसार उनके कार्यालय को किसी भी कर्मचारी के स्थानांतरण करने का कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम नीति के अनुसार किसी भी कर्मचारी का ट्रांसफर उनके कार्यालय द्वारा नहीं किया जा सकता है। पत्र में एसई ने कहा कि हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम 2016 के नियम 26, जिसे दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अपनाया गया है, के अनुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने सेवा संबंधी मामलों स्थानांतरण व पदोन्नति आदि के लिए किसी भी प्रकार का राजनीतिक या अन्य प्रभाव अपने किसी उच्च अधिकारी पर डालने का प्रयास नहीं करेगा। इसके बावजूद पाया गया है कि कुछ कर्मचारी अपने सेवा सम्बंधी मामलों खासकर ट्रांसफर करने या ट्रांसफर आदेशों को रद्द करवाने के लिए राजनीतिक या अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों से सम्पर्क कर रहे हैं, जोकि हरियाणा सरकार और बिजली निगम की नीतियों का उल्लंघन है। ऐसा करने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

### नोटिस बोर्ड पर यह आदेश लगाकर चेताया जाए

एसई ने टोहाना और फतेहाबाद के एक्सईएन को लिखे पत्र में कहा है कि उनके नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दें कि वह अपने सेवा सम्बंधी मामलों विशेषकर ट्रांसफर के सम्बंध में किसी भी राजनीतिक या प्रभावशाली व्यक्ति के माध्यम से किसी अधिकारी से सम्पर्क न करें। ऐसा करने पर कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने टोहाना व फतेहाबाद एक्सईन से कहा कि वह नोटिस बोर्ड या अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से इस बारे में कर्मचारियों को निर्देश जारी करें और इन आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए।


DAKSHIN HARYANA BIJLI VITRAN NIGAM

## केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# नए आयकर अधिनियम से जुड़े फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचितः सीबीडीटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।

**पेनाल्टी को शुल्क में बदलने की सुविधा मिलेगी**

### पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी की जाएगी



### संबंधित पक्षों से सुझाव लिया जाएगा

चेयरमैन ने कहा, ''प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं।'' सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, /''हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे।... नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा।''

### सरलीकरण की प्रक्रिया जुलाई 2024 से चल रही

चेयरमैन ने बजट के बारे में बात करते हुए कहा, /''प्रत्यक्ष कर से संबंधित घोषित प्रस्तावों को 'अलग-थलग' नहीं देखा जाना चाहिए। इसे उस सरलीकरण प्रक्रिया की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए जो जुलाई 2024 से ही चल रही है। उस समय वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि हम आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा करने जा रहे हैं।

### भाषा को सरल बनाने पर जोर

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। उन्होंने कहा, /''इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा।/''

### संरचनात्मक बदलाव लाए जा रहे

अग्रवाल ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा, /''इसलिए, एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है। इसमें हम प्रावधानों में कुछ संरचनात्मक बदलाव ला रहे हैं...।''


### आयकर अधिनियम में ये प्रावधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि आयकर अधिनियम में कुछ अभियोजन प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और जुर्माने से छूट देने की बजट में की गयी घोषणा का उद्देश्य करदाताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने, मुकदमेबाजी को कम करने, अनुपालन के दौरान करदाताओं की लागत और समय को कम करने के अलावा बेहतर कर प्रशासन स्थापित करना है।

## सेंसेक्स 504 और निफ्टी में 133 अंक की गिरावट

# मौद्रिक नीति से पहले घरेलू शेयर बाजार में तीन सत्रों की तेजी थमी

एजेंसी ▸▸ मुंबई




वैश्विक शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 504 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 133 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा से एक दिन पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में तेज बिकवाली से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

■ **धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में रही बिकवाली**

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 503.76 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,642.80 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पिछले कुछ सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर बनी सकारात्मक धारणा से तेज उछाल देखने को मिला था लेकिन अब मुनाफावसूली हावी रही और बाजार में गिरावट रही।''

### एयरटेल, रिलायंस में नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, ट्रेंट, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

## रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 90.33 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे मजबूत होकर 90.33 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में यह मजबूती भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों और जिंस कीमतों में गिरावट के कारण आई। हालांकि, निवेशक समझौते की शर्तों को लेकर और स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए बढ़त सीमित रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि महत्वपूर्ण कॉरपोरेट डॉलर की मांग और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर स्थिति ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। व्यापार समझौते की उम्मीदों के बावजूद, विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि बाजार अब जश्न मनाने से ज्यादा पुष्टि करने की ओर ध्यान दे रहा है।

# वार्षिक वेतन वृद्धि 8 से 12% रहने के आसार

**नई दिल्ली।** देश में विभिन्न उद्योगों में सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि आठ से 12 प्रतिशत के बीच स्थिर रहने के आसार हैं जबकि विशिष्ट कौशल एवं नेतृत्व क्षमता वाले पेशेवर नौकरी बदलने पर 30 प्रतिशत तक की वेतन वृद्धि हासिल कर सकते हैं। भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज इंडिया ने यह जानकारी दी। माइकल पेज इंडिया की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गई 'सैलरी गाइड 2026' के अनुसार, विशिष्ट प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता एवं नेतृत्व क्षमता वाले पेशेवरों की मांग मजबूत बनी हुई है। कई वर्षों की तेज वृद्धि के बाद वेतन वृद्धि स्थिर हो गई है। यह बाजार में अधिक संतुलित एवं टिकाऊ गति का संकेत देता है। 'सैलरी गाइड' में कहा गया कि उद्योगों में सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि आठ से 12 प्रतिशत के बीच स्थिर रहने के आसार हैं। माइकल पेज इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक नीलाय खंडेलवाल ने कहा, 2026 में भारतीय बाजार में उद्देश्य एवं क्षमता-आधारित विकास की ओर स्पष्ट बदलाव दिखाई देता है। संगठन अधिक सटीक दृष्टिकोण के साथ भर्तियां कर रहे हैं, विशेष कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं दीर्घकालिक मूल्य सृजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। खंडेलवाल कंपनी की सिंगापुर इकाई के भी प्रमुख हैं।

### माइकल पेज इंडिया ने जारी की रिपोर्ट



**NOTICE**

I, Priyanka Jindal W/o Rajneesh Kumar R/o H.No. 379/23, DLF Colony, Near Labour Chowk, Rohtak, Haryana-124001 declare that My name has been mentioned as Priyanka Jindal in my all Documents but in my passport my name has been mentioned as Priyanka Rajneesh kumar. I want to update my name from Priyanka Rajneesh Kumar to Priyanka Jindal. I will be known as Priyanka Jindal in future for all purposes including legal, personal and official record.

**NOTICE**

I, Rajneesh Kumar S/o Sh. Krishan Lal R/o H.No. 379/23, DLF Colony, Near Labour Chowk, Rohtak, Haryana-124001 declare that My name has been mentioned as Rajneesh Kumar in all my Documents but in my passport my name has been mentioned as Rajneesh kumar Krishan Lal. I want to update my name from Rajneesh kumar Krishan Lal to Rajneesh Kumar. I will be known as Rajneesh Kumar in future for all purposes including legal, personal and official record.

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में स्थित टाउन पार्क में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पार्क का विकास। | 04.02.2026 10.02.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secymeham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42735/I/88/6 दि. 05.02.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, रोहतक (वीटा) | खनिज मिश्रण की पैकिंग के लिए विभिन्न आकारों की पैकिंग सामग्री (इनर बैग्ज, एलडीपीई, एचडीपीई प्रिंटेड आउटर बैग्ज) की आपूर्ति (रोहतक)। | 05.02.2026 12.02.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | vitandia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42726/I/88/6 दि. 05.02.26

## क्रिप्टोकरेंसी बाजार में लिक्विडिटी खत्म! क्या कौड़ियों के भाव बिकेगा बिटकॉइन?

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन, इस समय एक गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। एक महीने में बिटकॉइन 18 प्रतिशत गिर चुकी है। अपने ऑल-टाइम हाई 1,26,198 डॉलर से यह अब तक करीब 40 प्रतिशत टूट चुका है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौजूदा परिस्थितियां नहीं बदलीं, तो इसमें 70 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। बिटकॉइन ने अभी तक अपना 'बॉटम' (निचला स्तर) कन्फर्म नहीं किया है। बिकवाली का दबाव अभी भी हावी है। भले ही बाजार में एकदम से कोई बड़ा क्रैश न आए, लेकिन एक लंबा 'साइडवेज फेज' देखने को मिल सकता है। बिना किसी नए ट्रिगर या बड़े निवेश के, बिटकॉइन में रिकवरी की उम्मीद कम है। बिटकॉइन में आई यह हालिया गिरावट कोई 'टेक्निकल चार्ट फेलियर' नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लिक्विडिटी की कमी का परिणाम है। क्रिप्टोक्वांट के सीईओ की यंग जू के अनुसार, बाजार में बिकवाली का दबाव तो बना हुआ है, लेकिन नया पैसा नहीं आ रहा है। जब तक बाजार में नया कैश फ्लो बना रहता है, कीमतें ऊपर की ओर भागती हैं। पिछले साल की तेजी इसी 'न्यू मनी' के दम पर थी। लेकिन अब निवेशक अब नई पूंजी लगाने से कतरा रहे हैं।



## चांदी टूटकर 2.40 लाख प्रति किलोग्राम

# चांदी में 10 प्रतिशत और सोने में 3 फीसदी की गिरावट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक बिकवाली और डॉलर के मजबूत होने की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में भारी गिरावट आई। इस दौरान चांदी की कीमत 10 प्रतिशत टूटकर 2,40,200 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 31,636 रुपये, या 10.16 प्रतिशत लुढ़ककर 2,40,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2,71,836 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3660 रुपये, या लगभग तीन प्रतिशत गिरकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,58660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा**

बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई, जिससे दो दिन से जारी तेजी का रुख पलट गया क्योंकि बहुमूल्य धातुओं को फिर से बिकवाली दबाव और बढ़ी हुई अस्थिरता का सामना करना पड़ा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''यह गिरावट मजबूत डॉलर, फेडरल रिजर्व के अधिकारी की सख्त टिप्पणियों और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच आई।'

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवि खण्ड मतलौडा (पानीपत) के कण्डम हॉल भवन की नीलामी की जानी है। जिसकी तिथि 16/02/2026 निश्चित की गई है तथा जिसकी न्यूनतम कीमत 1,25,474 तय की गई है। बोलीदाता को न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत बोली देने से पहले जमा करवाना होगा। और बोली का समय 11.30 बजे तथा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवि खण्ड मतलौडा (पानीपत) तय किया गया है। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंच कर बोली लगा सकते हैं और बोली की बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। प्रिंसिपल
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवि खण्ड, मतलौडा (पानीपत), मोबाइल -9416062699

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | पांच वर्ष के लिए एम.सी. जुलाना में नगरीय ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से प्रत्येक संस्थान से एकत्रीकरण, पृथ्थकरण और एमआरएफ केन्द्रों/हस्तांतरण स्थलों /प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 03.02.2026 24.02.2026 | रु.561.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42770/I/88/6 दि. 05.02.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में सेक्टर-6 में विभिन्न आंतरिक सड़कों की विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.02.2026 | रु. 8,15,40,169/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | वार्ड नं. 9, एम.सी. बहादुरगढ़ में विभिन्न सीसी गलियों का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.02.2026 | रु. 38,93,224/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42728/I/88/6 दि. 05.02.26

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 29 दिनांक 13.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुण्ड़ली जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**

नामः विजयलक्ष्मी।
पति का नामः मुकन्दर।
पताः वासी गाँव नेकरामपुर यु०पी० हाल गाँव अटेरना कुण्ड़ली जिला सोनीपत।
उम्रः 23 वर्ष
कदः 5 फुट।
हुलिया- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखें, लम्बी गर्दन, हष्ट-पुष्ट शरीर हैं।
पहनावा - पीले रंग का सूट-सलवार, लाल रंग की जर्सी, पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2026 को विजयलक्ष्मी पत्नी मुकन्दर वासी गाँव नेकरामपुर यु०पी० हाल गाँव अटेरना कुण्डली जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना - 7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9992178798**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4435/2026/42742/88/6 दि. 05.02.2026

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन सागवान में चारदिवारी की मरम्मत। | 03.02.2026 11.02.2026 | रु.16,82,205/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी आई.ए. सब स्टेशन हिसार में चारदिवारी का निर्माण और अन्य सम्बद्ध कार्य। | 03.02.2026 11.02.2026 | रु.24,56,897/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन सेक्टर 27 और 28 हिसार में सम्प पिट-कम-पम्प चेम्बर का निर्माण और अन्य सम्बद्ध कार्य। | 03.02.2026 11.02.2026 | रु.10,51,620/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42768/I/88/6 दि. 05.02.26

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6130



**बाएँ से दाए**

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 6129 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | वा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | वा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |



## सुप्रीम कोर्ट ने 20 लाख कर्मचारियों को दी राहत

# बंगाल में महंगाई भत्ता लागू किया जाए यह कर्मियों का 'अधिकार'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल सरकार और उसके कर्मचारियों के बीच लंबे समय से महंगाई भत्ते के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे में गुरुवार को शीर्ष अदालत ने बंगाल सरकार को झटका देते हुए करीब 20 लाख कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महंगाई भत्ते का भुगतान लागू करने योग्य अधिकार है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि 2008 से 2019 तक की अवधि का डीए बकाया भुगतान किया जाना चाहिए। अंतरिम आदेश का उल्लेख करते हुए कोर्ट ने इस बात को भी साफ किया कि कुल बकाए की कम से कम 25फीसदी राशि 6 मार्च तक जारी कर दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने यह आदेश दिया।

### 4 सदस्यीय समिति गठित की जाए

पीठ ने राज्य सरकार को शेष 75 प्रतिशत महंगाई भत्ते पर निर्णय लेने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित करने का भी आदेश दिया है। इसी बेंच ने पिछले साल अगस्त में इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछले साल 16 मई को पारित एक अंतरिम आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का 25 प्रतिशत 'तीन महीने के भीतर' भुगतान करने का निर्देश दिया था। ममता सरकार ने धन की कमी का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा को 6 महीने बढ़ाने की अपील की थी।

### भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार सरकारी कर्मचारी के साथ प्रताड़ना कर रही थी। सरकार की उनको डीए देने की कोई इच्छा नहीं थी। यह सरकार खेला और बेला की सरकार है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि यह बहुत लंबे समय से लंबित मुद्दा था, जिस पर आज निर्णय आ गया है। हम इसका स्वागत करते हैं।

#### 'सुपरटेक' पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### पहले घर फिर बकाया, 16 प्रोजेक्ट एनबीसीसी को सौंपे

सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक मामले में घर खरीदारों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एनसीएलएटी के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें एनबीसीसी को सुपरटेक की रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में अंतरिम बजट पेश

# महिलाओं को 500 रु. तो बेरोजगारों को हर माह मिलेंगे 1500 रुपये

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 04.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट पेश किया। बंगाल सरकार ने अपनी सबसे बड़ी योजना 'लक्ष्मी भंडार' का ऐलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 2.42 करोड़ महिलाओं को मासिक सहायता राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई राशि फरवरी से ही लागू हो जाएगी। राजनीतिज्ञ इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं।

### आसा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भत्ता बढ़ाया



ममता सरकार ने लक्ष्मी भंडार योजना के अलावा, प्रस्तावित बजट में गिग वर्कर्स को मौजूदा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने को कहा है। भट्टाचार्य ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। बजट में आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के भत्ते में भी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

### बिहार में वोटिंग से पहले 10-10 हजार, सुनवाई आज



बिहार विधानसभा चुनावों में एक भी सीट न जीत पाने वाली प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में आरोप लगाया कि नीतीश सरकार ने चुनावी लाभ लेने की कोशिश की, जिससे निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है।

### ममता बोलीं- हमने अपना वादा निभाया

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि हम 100 दिन रोजगार योजना, आवास योजना जैसी कई योजनाओं में देश में नंबर एक पर हैं। केंद्र ने इन योजनाओं के लिए फंड देना बंद कर दिया। हम यह बजट जनता के लिए पेश कर रहे हैं, न कि चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे। हमने अपना वादा निभाया है। हमने इस फरवरी से लक्ष्मी भंडार में 500 रुपए की वृद्धि की घोषणा की है।

### पीएम मोदी 13 को भाजपा पार्षदों को देंगे पार्टी



**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले भाजपा तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएगी। तिरुवनंतपुरम में पहली बार भाजपा को जीत मिली है, जिसने 4दशकों से ज्यादा तक चले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के निर्बाध शासन को भी खत्म किया है।


सत्यमेव जयते

**विज्ञापन संख्या 01/2026**

भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड
में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद के लिए
आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
05.03.2026 को 1700 बजे तक है।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट
https://steel.gov.in/advertisements
पर लॉगइन करें।

CBC 40101/11/0013/2526


## रेलवे करने जा रहा नियमों में बदलाव



# जहां से लिया टिकट वहीं से करनी पड़ेगी बोर्डिंग भी

■ वेटिंग और आरएसी यात्रियों को होगा फायदा तत्काल कन्फर्म होगी टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ट्रेन यात्रा से जुड़े बोर्डिंग नियमों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है, जिसका सीधा असर करोड़ यात्रियों पर पड़ेगा। दरअसल, नई व्यवस्था लागू होने के बाद अगर कोई यात्री अपने तय बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सवार नहीं होता है, तो अब टीटीई अगले स्टेशन तक उसका इंतजार नहीं करेगा। जैसे ही ट्रेन बोर्डिंग स्टेशन से आगे बढ़ेगी और यात्री अपनी सीट पर मौजूद नहीं मिलेगा, उसकी सीट को तुरंत खाली मान लिया जाएगा। नए नियमों के तहत टीटीई चेकिंग के दौरान पहले अपने हैंडहेल्ड डिवाइस पर तुरंत नोट टर्न अप की एंट्री करेंगे। इसका मतलब होगा कि संबंधित यात्री ने स्टेशन से बोर्डिंग नहीं की है। वहीं एंट्री होते ही वह सीट सिस्टम से खाली मानी जाएगी और टीटीई के पास उसे रोक कर रखने का कोई ऑप्शन नहीं रहेगा। रेलवे के इस बदलाव का सबसे ज्यादा फायदा वेटिंग और आरएसी टिकट पर सफर कर रहे यात्रियों को मिलेगा। जैसे ही सीट खाली घोषित होगी, रेलवे का सिस्टम अपने आप अगली वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को वह बर्थ अलोट कर देगा। सीट अलॉट होते ही यात्री के मोबाइल पर मैसेज चला जाएगा, जिससे उसे तुरंत कंफर्मेशन मिल जाएगा।

### साणंद में छापा, 81 रसूखदार हिरासत में



**साणंद।** गुजरात के साणंद जिले में पुलिस ने अहमदाबाद के पास एक प्राइवेट वीकेंड होम पर छापा मारा और शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करते हुए शराब और हुक्का पार्टी करने के आरोप में 81 लोगों को हिरासत में लिया है। बुधवार रात को गोरस सीम इलाके के पास निर्वाण ग्रीन्स वीकेंड होम में यह छापा मारा गया। यह पार्टी 'एवी' नाम के व्यक्ति ने की थी।

### 9 से बेंगलुरु मेट्रो का किराया बढ़ेगा



**बेंगलुरु।** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेडने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर किराए में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। नई दरें 9 फरवरी से लागू होंगी।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 3 में मनोज से धारा सिंह के खेत और चेकमलिकपुर से गून और सुनील के मकान के सामने तथा संदीप के मकान के निकट + 2 कार्य (नांगल चौधरी)। | बंद होने की तिथि 11.02.2026 | रु.41,50,246/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42733/I/88/6 दि. 05.02.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जेएलएन कैनाल, सेक्टर-2, एम.सी. रोहतक के निकट नमोवन पार्क का निर्माण और अपग्रेडेशन। | 04.02.2026 14.02.2026 | रु. 76.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-2 के म. नं. 62 से 90 औ म. नं. 225 से 235 तक सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 1 कार्य। | 03.02.2026 10.02.2026 | रु. 35,35,061/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/42734/I/88/6 दि. 05.02.26



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एंव स्थान | अम्बाला मण्डल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खण्ड पर कोठा पक्की– हिंदुमलकोट स्टेशनों के बीच कि०मी० 100.012, ओ०एच०ई० 99/12–100/1 पर स्थित मानवयुक्त लेवल क्रासिंग संख्या 69–सी के स्थान पर दो लेन वाले रोड ओवर ब्रिज का निर्माण जिसमे पहुंच मार्ग और सर्विस लेन शामिल है। |
| 2. | अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत | रूपये 4264.87 लाख |
| 3. | कार्य निष्पादन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 22,82,400.00 |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 15:30 बजे दिनांक 06.02.2026 से 27.02.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय | 27.02.2026 को 15:00 बजे तक, निविदाकर्ता द्वारा 12.02.2026 से 27.02.2026 तक आईआरईपीएस की वेवसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15:00 बजे दिनांक 27.02.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

संख्या: 127–डब्लयू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2025–26 दिनांक: 04.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 388/26


### खबर संक्षेप

### अलंकार ने राजनीति में उतरने का दिया संकेत

**बरेली।** यहां के सिटी मजिस्ट्रेट रहे निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि



यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकतंत्र विफल होता दिख रहा है। इस वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। वेअपने लोगों से लड़ने नहीं आए हैं। अग्निहोत्री ने भाजपा को ईस्ट इंडिया कंपनी कहा।

### ठाकुर पर लगा आजीवन प्रतिबंध कोर्ट ने हटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग सिंह ठाकुर पर बीसीसीआई के मामलों में हिस्सा लेने पर लगा बैन



हटा दिया है। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। सीजेआई की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। जिंदगी भर बैन की जरूरत थी।

## राज्यसभा में भड़कीं सीतारमण

# कांग्रेस राज में होती थी 'लिंचिंग' खरगे ने किया बयान को खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संसद के बजट सत्र में गुरुवार को एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तीखा हमला बोला। खरगे ने लिंचिंग जैसे गंभीर शब्द का इस्तेमाल कर सरकार को घेरने की कोशिश की, तो वित्त मंत्री ने न केवल इस पर कड़ी आपत्ति जताई, बल्कि इसे सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाने की मांग भी की। सीतारमण ने कांग्रेस को उनके अपने शासनकाल की याद दिलाते हुए उन विवादित घटनाओं का जिक्र किया जिन्होंने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं।

वित्त मंत्री ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष के नेता का सम्मान करती हूं, लेकिन उन्होंने जिस 'लिंचिंग' शब्द का सहारा लिया है, वह पूरी तरह गलत है। सीतारमण ने स्पष्ट रूप से सभापति से आग्रह किया कि इस शब्द को रिकॉर्ड से हटाया जाना चाहिए।

### 33 घंटे जाम के बाद खुला मुंबई-पुणे हाईवे

पुणे। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर पलटने के बाद आम लोगों के साथ-साथ खास लोगों भी परेशान हो गए। पुणे के जाने-माने उद्योगपति सुधीर मेहता इस जाम में करीब आठ घंटे तक फंसे रहे। वहां से निकलने और पुणे वापस लौटने के लिए उन्होंने हेलीकॉप्टर का सहारा लिया। घटना मंगलवार शाम की है। टैंकर से ज्वलनशील गैस लीक होने लगी। पुलिस ने ट्रैफिक रोक दिया। इससे यात्री करीब 33 घंटे तक सड़क पर फंसे रहे।




### उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर Wall mount Glass Shelves लगवाने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर फूल विक्रय दुकान के अंदर Wall mount Glass Shelves लगवाने की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

इच्छुक फर्म/कीमत रेट (सभी कर सहित) अपनी कुटेशन पर दिनांक 12.02.2026 दोपहर 2 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर पर भेजना सुनिश्चित करें। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

| क्रं सं. | वस्तु | विवरण | कुल कीमत (सभी कर सहित) |
|---|---|---|---|
| 1. | Will mount Glass Shelves | No. of shelves :- 09<br>Material:- Tuffen glass (8 mm thickness)<br>Load capacity per shelf :- 8 kg<br>Height :- 5 feet maximum<br>Length glass per shelf :- 3 feet<br>Depth/Width per shelf :- 12 inch<br>Material of channel and Brackets :- Iron Fitted on adjustable Heavy duty Double slotted channel and Brackets | |

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1041/2026/42741/88/6 दि. 05.02.2026



भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगांव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1909 दिनांक:-28/01/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (17) कम्पनियों का नाम राज्य हरियाणा से हटाने के मामले में:

| S No. | Work Item | CIN | Company Name2 |
|---|---|---|---|
| 1 | AC1442072 | U93190HR2023PTC111620 | मेडलस्टोरी स्पोर्टस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC1470845 | U68200HR2024PTC118096 | चारु रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC1207869 | U40106HR2023PTC109242 | टैलेट्टायी सोलर प्रोजेक्ट्स टेन प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC1529634 | U85300HR2022PTC108601 | रेटिनारिस्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC1558505 | U33190HR2024PTC121091 | किंत्सुगी इंडसट्रियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC1594060 | U72300HR2014PTC054104 | वायरल ऐप्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC1356753 | U35100HR2012PTC047042 | विजयलक्ष्मी एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC1332446 | U52399HR2022PTC102688 | ग्लिटर इंडिया मार्केटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC1335489 | U01113HR2021PTC093268 | एग्रोस कल्टाक्वे प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC1379034 | U63090HR2014PTC052994 | ओजस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC0268614 | U01100HR2018PTC075601 | फाइबरफीड प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC1137626 | U15400HR2021PTC097674 | यूनिक्वाट्र्ज वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC1060978 | U27509HR2024PTC120365 | एपिग कंज्यूमर रिटेल प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC1087523 | U74900HR2022PTC101991 | फैबहॉम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC1140637 | U01500HR2018PTC076920 | विद्यापति एंटरप्राइज़ेज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC1123295 | U51909HR2020PTC088639 | गुड सेलर प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC1135477 | U72900HR2017FTC071884 | हेमोजो एआई लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने के आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/ अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0658/2526



### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 37 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) BNS थाना सॉंपला रोहतक।**

**गुमशुदा की तलाश बारे –**



नाम - मोनिका
पिता/पति- पुत्री श्री तुलसीराम अहीरवाल
पता - निवासी गांव भेया वाली गली सांपला जिला रोहतक
उम्र- 20 वर्ष ।
हुलिया - रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, कद 4 फुट, 5 ईचं शिक्षा -5वीं पास, हष्ट-पुष्ट शरीर, पहनावा लाल रग का सूट सलवार व पैरों मे चप्पल पहने हुए ।

दिनांक 01.02.2026 को मोनिका पुत्री श्री तुलसीराम अहिरवाल निवासी गांव रमपुरा थाना रणे तहसील हटा जिला दमोह मध्य प्रदेश हाल किरायेदार भेया वाली गली सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जो गुमशुदा लड़की दिमागी रुप से सही है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबंधक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक-94664-58250

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 27 दिनांक 03.02.25 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - खुशी
पिता/पति-पुत्री सन्दीप
पता - निवासी जागृति हाई स्कुल के पीछे कच्चा चमारियाँ रोड रोहतक
उम्र 18 वर्ष
कद-4 फुट ।
हुलिया. - रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर
पहनावा - चैकदार शर्ट, आसमानी रंग की जाकेट, काली पैन्ट व पैरों में गुलाबी रंग की चप्पल पहने हुए।

दिनांक 03.02.25 को खुशी पुत्री सन्दीप निवासी जागृति हाई स्कुल के पीछे कच्चा चमारियाँ रोड रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है. तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9896411025

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 43 दिनांक 03.02.25 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानोर रोहतक ।**

गुमशुदा की पहचान बारे -



नाम - कोमल
पिता/पति-D/O राजबीर
पता - निवासी गांव लाहली जिला रोहतक
उम्र 21 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया. रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर । पहनावा – पीले रगं का सूट व पैरों में जुते पहने हुऐ है।

दिनांक 03.02.25 को कोमल D/O राजबीर वासी गांव लाहली जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना कलानोर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9813989995

पीआरडीएच-1084/11/4441/2026/42755/88/6 दि. 05.02.2026


## दिल्ली हाईकोर्ट ने छात्रों के संबंध में दिया फैसला

# मेडिकल छात्र के दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर पर रोक खारिज, एनएमसी को नीति बनानी होगी

## शर्तों के साथ माइग्रेशन की अनुमति देने का नियम बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मेडिकल छात्र के एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर या माइग्रेशन पर पूर्ण प्रतिबंध को अमान्य करार दिया है। नेशनल मेडिकल कमीशन को आवश्यक शर्तों के साथ माइग्रेशन की अनुमति देने हेतु 'उचित नीति' बनाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

### प्रतिबंध स्पष्ट रूप से अविवेकपूर्ण और मनमाना



कोर्ट ने कहा कि मेडिकल शिक्षा संस्थानों में एकरूपता, मानक और अखंडता बनाए रखने के नाम पर ट्रांसफर या माइग्रेशन पर प्रतिबंध, जिसकी आवश्यकता विभिन्न परिस्थितियों में पड़ सकती है, उचित नहीं है। ऐसा प्रतिबंध

**अधिकारों से इनकार नहीं कर सकते**

अदालत ने यह भी कहा कि माइग्रेशन के दुरुपयोग की आशंका का एनएमसी का तर्क टिकाऊ नहीं है, क्योंकि दुरुपयोग की संभावना के आधार पर किसी नागरिक के वैध अधिकारों से इनकार नहीं किया जा सकता।

## चिंतन

# किताबों को सियासी अखाड़ा नहीं बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाएं

लोकतंत्र में किताबें विचारों का माध्यम होती हैं, लेकिन जब वही किताबें राजनीति का अखाड़ा बन जाएं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। हाल के दिनों में तीसरे पक्ष या पूर्व अधिकारियों द्वारा लिखी गई किताबों को लेकर संसद से लेकर सड़कों और सोशल मीडिया तक जिस तरह का शोर मचा है, उसने लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विचारों पर बहस के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बदनाम करने की राजनीति हावी होती दिख रही है। तीसरे पक्ष द्वारा लिखी गई किताबें किसी सरकार या संस्था का आधिकारिक दस्तावेज नहीं होतीं। वे लेखक की सोच, उसके अनुभव और उसक समय की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। ऐसे में काल, समय और संदर्भ को समझे बिना वर्षों पुराने प्रसंगों को वर्तमान राजनीति से जोड़ना न तो सत्ता पक्ष की समझदारी है और न ही विपक्ष की जिम्मेदारी। दुर्भाग्य यह है कि दोनों ही पक्ष इन किताबों को अपने-अपने राजनीतिक हितों के हिसाब से इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। संसद में किताबों को लेकर हुए हालिया विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों और अधूरी जानकारियों की बाढ़ सी आ गई है। बिना पूरी किताब पढ़े, बिना तथ्यों की पुष्टि किए, चुनिंदा पंक्तियों को आधार बनाकर माहौल बनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल जनता को भ्रमित करती है, बल्कि संसद जैसे सर्वोच्च मंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। जहां जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, वहां नेता एक-दूसरे की नीयत पर सवाल उठाने में उलझे नजर आते हैं। पूर्व अधिकारियों, विशेषकर सेवानिवृत्त सैन्य प्रमुखों द्वारा लिखी गई किताबें स्वाभाविक रूप से संवेदनशील होती हैं। हाल ही में जनरल एम. एम. नरवणे की किताब को लेकर उठा विवाद इसका स्पष्ट उदाहरण है। ऐसी किताबें सत्ता पक्ष को असहज कर सकती हैं, क्योंकि वे नीतियों, निर्णयों और दावों पर सवाल उठाती हैं, लेकिन असहज सवालों से बचने के लिए हंगामा खड़ा करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी लेखक को अपने अनुभव और विचार साझा करने का अधिकार है। जब ऐसी किताबों को लेकर सेंसरशिप की मांग उठती है या सदन में शोर-शराबा किया जाता है, तो यह संकेत देता है कि विचारों से टकराने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है। किताबों पर होने वाली राजनीति अक्सर दोहरे चरित्र को उजागर करती है। सत्ता पक्ष इन्हें गैर-जिम्मेदार या भ्रामक बताकर खारिज करने में जुट जाता है, जबकि विपक्ष इन्हीं किताबों को सरकार को घेरने का औजार बना लेता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई, तथ्य और संतुलन कहीं पीछे छूट जाते हैं। कई बार इन विवादों का असली उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक या चुनावी लाभ होता है। इस राजनीतिक शोर का सबसे बड़ा नुकसान संसद को होता है। संसद का समय देश की सबसे कीमती पूंजी है। जब यह समय किताबों के बहाने हंगामे में जाया होता है, तो आमजन के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हाशिये पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर किताबें समाज को सोचने, समझने और सवाल करने का अवसर देती हैं। उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाया जाना चाहिए। जब तक विचारों से डरकर शोर मचाया जाता रहेगा, तब तक संसद की गरिमा और लोकतंत्र दोनों कमजोर होते रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि राजनीति विचारों से लड़ें, किताबों से नहीं।



क्रिकेट
राज कुमार सिंह

# विवादों के बीच टी-20 बादशाहत की जंग

सात फरवरी से आठ मार्च तक होने जा रहे टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवादों का साया गहराता जा रहा है। भारत-श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित हो रहे विश्व कप के ग्रुप 'ए' में भारत-पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को मैच खेला जाना है। इससे पहले पाकिस्तान को सात फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से मैच खेलने हैं। पाकिस्तान अपने ये सभी मैच खेलेगा। फिर भी भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से उसे ग्रुप स्टेज पर ही विश्व कप से बाहर होना पड़ सकता है, क्योंकि इससे पाकिस्तान का रन रेट खराब हो जाएगा। नई चैंपियन वही टीम होगी, जो सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

सात फरवरी से आठ मार्च तक होने जा रहे टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवादों का साया गहराता जा रहा है। आईपीएल से अपने खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान के बाहर हो जाने से शुरू विवाद के चलते बांग्लादेश इस विश्व कप का बहिष्कार कर चुका है। बांग्लादेश की जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने स्कॉटलैंड को वर्ल्ड कप में शामिल किया है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का बहाना बनाते हुए अपने मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया। इस विवाद में बांग्लादेश के पक्ष में मुखरता के चलते पाकिस्तान द्वारा भी वर्ल्ड कप के बहिष्कार की आशंका थी, लेकिन उसने सिर्फ भारत के विरुद्ध मैच खेलने से इनकार किया है।

भारत-श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित हो रहे इस विश्व कप के ग्रुप 'ए' में भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच 15 फरवरी को खेला जाना है। इससे पहले पाकिस्तान को सात फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से मैच खेलने हैं। पाकिस्तान अपने ये सभी मैच खेलेगा। फिर भी भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से उसे ग्रुप स्टेज पर ही विश्व कप से बाहर होना पड़ सकता है, क्योंकि भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से पाकिस्तान का रन रेट खराब हो जाएगा। आईसीसी के नियम 16.10.7 के मुताबिक मैच न खेलने पर पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन माने जाएंगे, जबकि भारत का एक भी ओवर नहीं गिना जाएगा। परिणामस्वरूप बाकी सभी मैच जीत कर भी पाकिस्तान का रन रेट नकारात्मक हो सकता है। हालांकि ग्रुप 'ए' में भारत और पाकिस्तान के अलावा अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड जैसी कमजोर टीमें ही हैं, लेकिन क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। पिछले वर्ल्ड कप में अमेरिका तो पाकिस्तान को हरा कर ग्रुप स्टेज पर बाहर कर भी चुका है। नीदरलैंड भी अतीत में आईसीसी टूर्नामेंट में उलटफेर कर चुका है। अगर पाकिस्तान अपने इन तीन मैचों में से एक भी हार गया तो उसे ग्रुप स्टेज पर ही वर्ल्ड कप से बाहर का रास्ता देखना पड़ सकता है। बेशक आईसीसी ने पाकिस्तान से भारत के विरुद्ध मैच न खेलने के फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया है, लेकिन खुद वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि फैसला सोच-समझ कर किया गया है। वैसे कुछ जानकार पाकिस्तान के इस बांग्लादेश प्रेम को वहां के चुनाव से जोड़ कर भी देख रहे हैं।

बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव हैं। एक संभावना यह भी जतायी जा रही है कि चुनाव में वहां के कट्टरपंथियों को खुश करने के बाद पाकिस्तान शायद भारत से 15 फरवरी का मैच खेलने पर मान जाये। अगर वह नहीं माना तो ग्रुप स्टेज पर ही वर्ल्ड कप से बाहर होने के खतरे के अलावा दंडात्मक कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। आईसीसी बहिष्कार का कारण पूछेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का जवाब संतोषजनक नहीं लगा तो उसे इस वर्ल्ड कप से बैन भी किया जा सकता है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए विदेशी खिलाड़ियों को एनओसी मिलना तो मुश्किल होगा ही, उसे भविष्य में आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी से भी वंचित होना पड़ सकता है। भारत-



पाकिस्तान मैच न होने से ब्रॉडकास्टर जियो और आईसीसी की आय में होने वाली कमी की भरपाई के लिए भी पाकिस्तान को कहा जा सकता है। सबसे ज्यादा पैसा भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैचों पर ही बरसता है। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवाद और बहिष्कार का साया पड़ रहा है। भारतीय उप महाद्वीप में आयोजित 1996 के वर्ल्ड कप में श्रीलंका में जारी हिंसा के चलते ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में मैच खेलने से इनकार कर दिया था। श्रीलंका को वॉकओवर मिल गया। उसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने भी श्रीलंका में खेलने से इनकार कर दिया था। परिणामस्वरूप श्रीलंका को एक और वॉकओवर मिल गया। दो बड़ी टीमों के विरुद्ध मिले वॉकओवर से श्रीलंका की किस्मत ऐसी चमकी कि वह लाहौर में फाइनल जीत कर विश्व विजेता बन गया।

2003 में अफ्रीकी धरती पर खेले गये विश्व कप में, जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे शासन पर ब्रिटिश सरकार की आपत्ति के चलते, इंग्लैंड ने खेलने से इनकार कर दिया तो जिंबाब्वे को वॉकओवर मिल गया। उसी वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने भी सुरक्षा कारणों से खेलने से इनकार किया तो केन्या को वॉकओवर मिल गया और चमत्कारिक रूप से वह सेमीफाइनल में पहुंच गया। अगला विश्व कप ब्रिटेन में हुआ, जिससे जिंबाब्वे के राजनयिक रिश्ते खराब थे। वीजा संबंधी संकट खड़ा हुआ तो आईसीसी से समझौता कर जिंबाब्वे वर्ल्ड कप से हट गया और उसकी जगह स्कॉटलैंड को मौका मिला।

बेशक क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जिसमें कभी भी कोई भी टीम कमाल कर सकती है, लेकिन हालिया प्रदर्शन की बात करें तो इस टी-20 वर्ल्ड कप में सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में टीम इंडिया खिताब की प्रबल दावेदार है। हालांकि भारतीय टीम का पिछला साल अच्छा नहीं गुजरा। हाल में मेहमान न्यूजीलैंड टीम से वन डे श्रृंखला भी 0-3 से हार गयी, लेकिन उसके बाद टी-20 श्रृंखला 4-1 से जीत कर जैसी जबर्दस्त वापसी की, उसके बाद ज्यादातर जानकार मानते हैं कि टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने से रोक पाना आसान नहीं होगा। कप्तान सूर्या की फॉर्म लौट आयी है तो ईशान किशन भी तूफानी बल्लेबाजी फॉर्म के साथ टीम में लौटे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अच्छी फॉर्म में हैं तो तेज गेंदबाजी आक्रमण किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को धराशायी करने में समर्थ है यानि टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप का पिछली बार जीता खिताब बरकरार रख सकती है। बेशक सदाबहार ऑस्ट्रेलिया, जुझारू दक्षिण अफ्रीका, गजब की पेशेवर न्यूजीलैंड और क्रिकेट के जनक इंग्लैंड को कम आंकने की गलती कोई जानकार नहीं करना चाहेगा। अतीत में असाधारण प्रदर्शन से चौंका चुकी ये टीमें भी खिताब की दावेदार हैं।

चार ग्रुपों में बंटे विश्व कप में 20 टीमें मैदान में होंगी। हर ग्रुप में दो मजबूत टीमें रख कर स्पर्धा को रोमांचक और संतुलित बनाने की कोशिश की गयी है। ग्रुप 'ए' में भारत और पाकिस्तान मजबूत टीमें हैं तो ग्रुप 'बी' में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की बाबत ऐसा कहा जा सकता है। ग्रुप 'सी' में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज को मजबूत माना जा सकता है, जबकि ग्रुप 'डी' में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका उसी श्रेणी में आती हैं। घरेलू पिचों का लाभ भारत और श्रीलंका को मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन आईपीएल के चलते अन्य देशों के खिलाड़ी भी अब भारतीय पिचों से अनजान नहीं रह गये हैं। इसलिए टी-20 वर्ल्ड कप की नई चैंपियन वही टीम होगी, जो सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि पर विशेष
हर्षवर्धन पान्डे



# लता मंगेशकर : मेरी आवाज़ ही पहचान है, गर याद रहे..

लता मंगेशकर की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चांद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चांद लगा देती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता को अपनी बहन 'आशा' को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। इसकी दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली, बॉलीवुड में नूरजहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर शशिधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को 'पतली आवाज' कहकर अपनी फिल्म 'शहीद' में गाने से मना कर दिया था, फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता को फिल्म 'मजबूर' में 'दिल मेरा तोड़ा, कहीं का ना छोड़ा' गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया। लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिए गाने गाये, लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई। इसी वज़ह से लता ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता को बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया। उन्होंने 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साल 1977 में आई फिल्म 'किनारा' में लता मंगेशकर ने 'नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे' गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए। फिल्म 'मधुमति' के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। लता मंगेशकर को साल 2001 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। लता दीदी को इसके पहले पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण(1999) और दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) पुरस्कार से भी नवाजा गया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने ताउम्र शादी नहीं की। इसकी वजह बताते हुए वो कहती थी कि पिता की मौत के बाद घर के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर थी। ऐसे में कई बार शादी का ख्याल आता भी तो उस पर अमल नहीं कर सकती थी। मध्यप्रदेश सरकार ने 1984 में लता मंगेशकर के नाम पर एक पुरस्कार शुरू किया। इस पुरस्कार के लिए चयनित कलाकारों को दो-दो लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शाल-श्रीफल से अलंकृत किया जाता है। 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की आयु में लता का निधन हो गया। आज भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज का जादू लम्बे समय तक भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में रंग भरता रहेगा।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# मुश्किल समय में अस्थिर हो जाता है मन



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पाक का संशोधन लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते हैं, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। - **मनीष शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# अमेरिकी महाद्वीप में खसरे को लेकर चेतावनी जारी

'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएएचओ) ने अमेरिकी महाद्वीप में खसरे के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर एक नई महामारी संबंधी चेतावनी जारी की है। मेक्सिको में खसरे के काफी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पीएएचओ की ओर से जारी चेतावनी में तत्काल टीकाकरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया है साथ ही कहा गया है कि हाल में सामने आए मामले में 78 प्रतिशत मामले ऐसे लोगों में हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। बुधवार को यह चेतावनी ऐसे वक्त में जारी की गई है जब नवंबर में कनाडा का खसरा-मुक्त दर्जा समाप्त हो गया है। यह एक ऐसा झटका है जिसकी पुनरावृत्ति जल्द ही अमेरिका और मेक्सिको में भी हो सकती है। इस वर्ष के पहले तीन हफ्तों में पीएएचओ ने सात देशों में खसरे के 1,031 नए मामलों की पुष्टि की है - जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में चौंका देने वाली 43 गुना वृद्धि है। हालांकि अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन संक्रमण का प्रसार अब भी अधिक है। मेक्सिको में सबसे अधिक 740 मामले हैं, उसके बाद अमेरिका में 171 और कनाडा में 67 मामले हैं। अमेरिका में अब सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी ध्यान दक्षिण कैरोलिना की ओर केंद्रित किया गया है, जहां खसरे के मामलों में वृद्धि हो रही है।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया सब पर इसका असर अलग

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।



## ट्रेंड

### 'भारत टैक्सी' से मुनाफा



सहकारिता से बहुत सारे लोग मिलकर छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। चालक बहन-भाई 'भारत टैक्सी' से न सिर्फ अधिक मुनाफा कमा पाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### देश का सामरिक विकास



प्रजातंत्र के बारे में बोलने वाले विपक्षी दल संसद में प्रजातंत्र का गला घोंटते हैं, ये सारा देश देख रहा है। विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सामरिक विकास रास नहीं आ रहा है।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### टैरिफ का आकलन



भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की खबर कितनी देश व जनहित में है, इस बारे में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस पर जमीनी अमल होने के बाद ही पता चलेगा कि इससे आमजन का क्या भला होगा।

- **मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### विरोध करने का निर्णय



मोदी सरकार ने ठान लिया है कि दोनों विपक्षी नेताओं को बात करने नहीं देना है। सारी विपक्ष की पार्टियों के नेताओं ने यह तय किया कि अगर वे हमें बात करने नहीं देंगे, तो हमें वाक आउट करना चाहिए और विरोध करना चाहिए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कार्यक्रम**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली को हराकर डब्ल्यूपीएल खिताब जीता

## मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

भाषा ⏭ वडोदरा

कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग चार के बड़े स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियनस दोनों के नाम पर दो-दो डब्ल्यूपीएल खिताब हो गए हैं। दिल्ली की टीम को लगातार चौथी बार फाइनल में खेलते हुए शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिल्ली के 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने स्मृति (87 रन, 41 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और जॉर्जिया (79 रन, 54 गेंद, 14 चौके) के बीच दूसरे विकेट की 165 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। चिनेल हेनरी (34 रन पर दो विकेट) और नंदिनी (41 रन पर एक विकेट) ने अंतिम ओवरों में दिल्ली कैपिटल्स को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स (57), लॉरा वोल्वार्ट (44), सलामी बल्लेबाज लिजेल ली (37) और सलामी बल्लेबाज हेनरी (नाबाद 35) की पारियों से चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके मारे और वोल्वार्ट के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े जिन्होंने 25 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।



⏭ दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी

⏭ डिवाइन रहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

⏭ बेंगलुरु को 6 व दिल्ली को 3 करोड़ मिले

### दिल्ली-203/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लिजेल का हैरिस बो डि क्लर्क | 37 |
| शेफाली का रिचा बो अरुंधति | 20 |
| लॉरा वोल्वार्ट रन आउट | 44 |
| जेमिमा का डि क्लर्क बो सतघरे | 57 |
| चिनेल हेनरी नाबाद | 35 |

अतिरिक्तः 10
कुलः 20 ओवर में चार विकेट परः 203 रन
विकेट पतनः 1-49, 2-72, 3-148, 4-203
गेंदबाजीः बेल 4-0-19-0, सतघरे 4-0-46-1, अरुंधति 4-0-40-1, श्रेयंका 2-0-32-0, डि क्लर्क 4-0-48-1, राधा 2-0-18-0

### बेंगलुरु-204/4 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ग्रेस हैरिस बो हेनरी | 09 |
| स्मृति मंधाना बो हेनरी | 87 |
| जॉर्जिया का शेफाली बो मीनू | 79 |
| ऋचा घोष का मीनू बो नंदिनी | 06 |
| नेदिन डि क्लर्क नाबाद | 07 |
| राधा यादव नाबाद | 12 |

अतिरिक्तः 04
कुलः19.4 ओवर में चार विकेट परः 204 रन
विकेट पतनः 1-9, 2-174, 3-181, 4-191
गेंदबाजीः कैप 4-0-38-0, हेनरी 4-0-34-2, नंदिनी 4-0-40-1, श्री चरणी 3.4-0-46-0, शेफाली 1-0-9-0, मीनू 2-0-19-1, स्नेह 1-0-15-0

## खबर संक्षेप



### भारत बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि देश को बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है।
एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने एक बयान में कहा, ''भारत को इस साल अप्रैल में गेनब्रिज एशिया/ओसियाना ग्रुप एक प्रतियोगिता के तहत बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का मौका मिला है।'' यह प्रतियोगिता सात से 11 अप्रैल तक दिल्ली लॉन टेनिस संघ परिसर के नए नवीनीकृत कोर्ट पर होगी।

### ओलंपिक में मशाल थामकर गौरवान्वित हूं



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मिलान कोर्तिना शीतकालीन खेलों से पहले ओलंपिक मशाल थामकर वह काफी अच्छा और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक शुक्रवार को इटली में शुरू हो रहे हैं। बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक चुना गया था। शीतकालीन ओलंपिक 22 फरवरी को समाप्त होंगे। इसमें 16 खेलों में 116 पदक दाव पर लगे हैं।
बिंद्रा ने बारिश के बीच ली गई तस्वीरों को एक्स पर साझा करते हुए लिखा मिलानोकोर्तिना 26 में ओलंपिक की मशाल थामकर गौरवान्वित हूं यह एकता, दृढता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है।'

### धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित




**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है। पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैम्पियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच आज हरारे स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से

# पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहे भारत इंग्लैंड के बीच खिताबी जंग आज

एजेंसी ⏭ हरारे

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए एक बार फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। साल 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत का सपना तोड़ दिया था। अब दो साल बाद टीम इंडिया खिताब से बस एक कदम दूर खड़ी है। सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे की अगुवाई में टीम इतिहास रचने को तैयार है। वहीं इंग्लैंड की टीम भी पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही और वह भी खिताब जीतने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी। ऐसे में भारत के गेंदबाजों व बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे से शुरू होगा। भारत ने अभी तक एक भी मैच बिना हारे फाइनल में जगह बनाई है और अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा।




### इंग्लैंड की टीम को कम आकना होगी बड़ी भूल

इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं।

### इन बल्लेबाजों पर टिकी है भारत की उम्मीदें

सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद भारत अपनी विनिंग प्लेइंग 11 के साथ ही मैदान पर उतर सकता है। एरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए खतरा बन सकती है। सबसे अच्छी खबर यह है कि कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के बल्ले से भी लगातार रन निकल रहे हैं। वहीं, अभिज्ञान कुंडू निचले क्रम में टीम को मजबूती दे रहे हैं।

### गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

फाइनल मैच में टीम इंडिया को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आर.एस अंबरीश, हेलिन पटेल और दीपेश को भी गेंद से कमाल दिखाना होगा। स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका भी अहम रहेगी। ज्ञात हो कि इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं।

### टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11

एरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, आर.एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेलिन पटेल, दीपेश देवेन्द्रन।
**इंग्लैंड** : थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन

## भारत हार के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

# महिला टीम चीन से, जबकि पुरुष टीम कोरिया से भिड़ेगी




बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप

भाषा ⏭ किंगदाओ (चीन)

भारत की पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने आखिरी ग्रुप मैच में क्रमशः जापान और थाईलैंड से 2-3 से करीबी हार के बावजूद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। गत चैंपियन भारतीय महिला टीम का मुकाबला मेजबान चीन से होगा जबकि पुरुष टीम अंतिम आठ चरण में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को ग्रुप वाय के दूसरे मैच में थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। म्यामां को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20 -22, 21-11 से हराया। रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्निपुत से 19-21, 17 . 21 से हार गई।

## टी-20 विश्व कप

# इतिहास में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए सबसे बड़े स्कोर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम ने कई बार अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को हैरान किया है। बड़े मंच पर खेले गए मुकाबलों में भारतीय टीम ने ऐसे विशाल स्कोर खड़े किए, जिन्होंने विरोधी टीमों की कमर तोड़ दी। ये स्कोर सिर्फ रन नहीं, बल्कि भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक सोच और ताकत का प्रतीक हैं। ऐसे में आइए जानते हैं भारतीय टीम द्वारा बनाए गए टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर।

### 218/4- साल 2007

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2007 के विश्व कप में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 218/4 का स्कोर बना दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतम गंभीर ने 41 गेंदों में 58 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के बल्ले से 52 गेंदों में 68 रन निकले थे।

### 210/2- साल 2021

भारतीय टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर साल 2021 के टी-20 विश्व कप में आया था। टीम ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 210/2 का स्कोर बनाया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा ने 47 गेंदों का सामना करते हुए 74 रन बनाए थे। ऋषभ पंत ने 13 गेंद में 27 रन और हार्दिक पांड्या ने 35 रन बनाए थे। केएल राहुल के बल्ले से 69 रन निकले थे। जवाब में अफगानिस्तान 144/7 का स्कोर ही बना पाई थी।

### 205/5- 2024

भारतीय टीम ने साल 2024 के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 205/5 का स्कोर बनाया था। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। रोहित ने 41 गेंदों का सामना कर 92 रन बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के लगाए थे। जवाब में कंगारू टीम 181/7 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को 24 रन से जीत मिली थी।

### 196/5- 2024

भारतीय टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर भी साल 2024 के ही विश्व कप में आया था। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टीम ने 196/5 का स्कोर बना दिया था। हार्दिक पांड्या ने 27 गेंदों का सामना कर 50 रन बनाए थे। विराट कोहली ने 37 रन बना दिए थे।जवाब में बांग्लादेश की टीम 146/8 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को उस मैच में 50 रन से शानदार जीत मिली थी।

# मीराबाई चानू ने नेशनल चैंपियनशिप में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड किए ध्वस्त

एजेंसी ⏭ मोदीनगर

भारतीय वेटलिफ्टिंग की स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनका नाम क्यों देश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मीराबाई ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल भारतीय पुलिस की राधा सोनी ने 183 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोमल कोहर ने कांस्य पदक हासिल किया।



### अपने ही पुराने स्तर को किया पार

यह प्रदर्शन मीराबाई के हालिया अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों से भी बेहतर रहा। 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने 199 किलोग्राम के कुल वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि इस बार उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा। हालांकि स्नैच में 91 किलोग्राम की कोशिश वह पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन इससे उनके दबदबे पर कोई असर नहीं पड़ा।

### 48 किलोग्राम वर्ग में ऐतिहासिक प्रदर्शन

बता दें कि 48 किग्रा वर्ग में उतरते ही मीराबाई का आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। स्नैच में उन्होंने 89 किलोग्राम वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम भार उठाकर दूसरा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इन दोनों लिफ्ट्स को मिलाकर उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा, जो इस कैटेगरी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रदर्शन है। इस तरह स्नैच, क्लीन एंड जर्क

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया। रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराकर जीता। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को झटका

# वॉर्म-अप मैच में चोटिल हुए तेज गेंदबाज हर्षित

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वॉर्म-अप मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोटिल होकर मैदान छोड़ने पर मजबूर हो गए। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में हर्षित ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाज़ी की और इसके बाद लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हर्षित की फिटनेस को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। टी20 वर्ल्ड कप बेहद करीब है और अगर हर्षित राणा टूर्नामेंट से बाहर होते हैं तो यह टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका होगा। फिलहाल बीसीसीआई की आधिकारिक मेडिकल रिपोर्ट का इंतज़ार किया जा रहा है।



### घुटने में दिखी परेशानी, बढ़ी चिंता

इस मैच में 24 वर्षीय हर्षित राणा ने अपने एकमात्र ओवर में 16 रन दिए। ओवर खत्म होने के बाद वह स्पष्ट रूप से असहज नजर आए और घुटने को पकड़ते हुए मैदान से बाहर जाते दिखे। हर्षित इसके बाद दोबारा मैदान पर नहीं लौटे। गेंदबाज़ी के दौरान भी वह दो बार अपने रन-अप से पीछे हटते नजर आए, जिससे साफ हो गया कि वह परेशानी में हैं।

### सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

मुंबई। मुंबई क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान को वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में शुक्रवार से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स पर कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में उनका खेलना संदिग्ध है। बुधवार को सरफराज मुंबई टीम के साथ मौजूद थे, जब दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों के साथ खास संवाद सत्र आयोजित किया था। सरफराज की जगह मुशीर खान के खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सरफराज को वायरल बुखार है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसी वजह से वह दिल्ली के खिलाफ मुंबई के पिछले मैच में फील्डिंग के लिए भी मैदान पर नहीं उतर सके थे। यह साफ नहीं है कि वह कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले से पहले फिट होंगे या नहीं।






1 *तीखे मोड़ों और भूस्खलन प्रभावित इलाकों से भी निजात मिलेगी*

2 *क्वीन ऑफ हिल्स के लिए गेमचेंजर साबित होगा प्रोजेक्ट*

3 *भौगोलिक सर्वे शुरू मिट्टी और पहाड़ों की होगी गहन जांच*

4 *42 किमी लंबे दो लेन हाईवे की स्वीकृति दे दी है*

# देहरादून से मसूरी के बीच बनने जा रहा 3500 करोड़ का हाइवे, 2 लंबी सुरंगों से कटेगा पहाड़

मसूरी में लगने वाले जाम से पर्यटकों को जल्द ही निजात मिल सकती है। यहां 42 किमी लंबा हाइवे बनने का काम शुरू हो गया है, जिसमें दो सुरंग भी शामिल रहेंगी।

एजेंसी ▶▶ मसूरी

देश भर से मसूरी आने वालों के लिए घंटों का जाम, खड़ी चढ़ाइयों पर रेंगती गाड़ियों और बरसात में बंद हो जाने वाले रास्ते, ये सब अब बीते दिनों की बात हो सकती है। देहरादून से मसूरी के बीच हाइवे बनने जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 42 किमी लंबे दो-लेन हाईवे की स्वीकृति दे दी है। इस पर करीब 3500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह हाईवे झाझरा से लेकर मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक बनेगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत होंगी दो लंबी सुरंगें, जो पहाड़ों के भीतर से होकर सफर को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएंगी। नई परियोजना के तहत, जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र के नीचे 2.9 किमी लंबी सुरंग बनाई जाएगी, जबकि दूसरी सुरंग मसूरी की पहाड़ियों में लगभग दो किमी लंबी होगी। इन सुरंगों के बनने से न केवल दूरी कम होगी, बल्कि तीखे मोड़ों और भूस्खलन प्रभावित इलाकों से भी निजात मिलेगी। अगर यह परियोजना तय समय पर पूरी होती है, तो यह न सिर्फ मसूरी के यातायात इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि पर्यटन, आपदा प्रबंधन और क्षेत्रीय विकासकृतीनों के लिए गेमचेंजर होगी। सुरंगों से होकर गुजरता हाईवे पहाड़ों की सुंदरता को बरकरार रखते हुए

*हाईवे झाझरा से लेकर मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक बनेगा*



एआई इमेज

## तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगा ये हाइवे

फिलहाल देहरादून से मसूरी जाने के लिए मुख्य रूप से एक ही मार्ग इस्तेमाल होता है, जिस पर पर्यटन सीजन में हालात बेहद खराब हो जाते हैं। वैकल्पिक किमाड़ी मार्ग हर बारिश में क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिससे कई-कई दिन यातायात पूरी तरह ठप रहता है। ऐसे में नया हाईवे तीसरे स्थायी विकल्प के रूप में उभरेगा। एनएचएआई परियोजना निदेशक सौरभ सिंह ने कहा कि मसूरी-देहरादून के बीच बनने वाले नए राष्ट्रीय राजमार्ग के एलाइनमेंट को स्वीकृति मिल चुकी है। भौगोलिक सर्वे के बाद निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

मसूरी हर साल लाखों पर्यटकों का स्वागत करती है, लेकिन सीमित सड़क क्षमता के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूल, अस्पताल और रोजमर्रा की आवाजाही तक प्रभावित होती है। नया राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से पर्यटकों का दबाव बंटेगा, जिससे शहर के भीतर जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। साथ ही यह मार्ग चासकोट और खनिज नगर होते हुए एनएच-707ए (मसूरी कैंपटीफॉल मार्ग) से जुड़ेगा, जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। परियोजना की संवेदनशीलता को देखते हुए एनएचएआई ने वाडिया हिमालयी भू-विज्ञान संस्थान को भौगोलिक सर्वेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। वैज्ञानिक मिट्टी की गुणवत्ता, पहाड़ों की संरचना और भूस्खलन की संभावनाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट सौंपेंगे। सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक सौरभ सिंह ने बताया कि मसूरी-देहरादून के बीच बनने वाले नए राष्ट्रीय राजमार्ग के एलाइनमेंट को स्वीकृति मिल चुकी है। भौगोलिक सर्वे के बाद निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


## खबर संक्षेप

### गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत



**गाजा पट्टी।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 24 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में उसका एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसने जवाबी कार्रवाई की।

### हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट समेत 2 की मौत



**फ्लैगस्टाफ।** एरिजोना जन सुरक्षा विभाग का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट और एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विभाग के सार्जेंट केमेरोन ली ने बताया कि यह हादसा बुधवार रात को उस समय हुआ, जब हेलिकॉप्टर ने गोलीबारी की एक घटना में अधिकारियों की मदद के लिए उड़ान भरी थी।

### बांग्लादेश में हिंदू समुदाय में दहशत का माहौल

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले को मानवाधिकार समूह और हिंदू नेता 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले बढ़ते ध्रुवीकरण और इस्लाम समर्थकों के पुनरुत्थान के तौर पर देख रहे हैं। बढ़ती हिंसा और हत्याओं के चलते हिंदू अल्पसंख्यकों में डर का माहौल है। कपड़े की एक फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास पर दिसंबर में कई मुस्लिम सहकर्मियों ने अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद हिंसक भीड़ उसके कार्यस्थल पर उमड़ पड़ी और पीटकर हत्या कर दी।


## भारतीय विदेश मंत्रालय ने की स्थिति स्पष्ट, हरेक सवाल का दिया जवाब

# ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, वेनेजुएला समेत किसी भी नए विकल्प के मूल्यांकन के लिए तैयार

*भारत ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नए आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है।




### टैरिफ की अंतिम दर 18 प्रतिशत ही होगी

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और नई टैरिफ संरचना को लेकर भी विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, 'प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत और राष्ट्रपति ट्रंप के ट्वीट के बाद प्रधानमंत्री ने खुद बताया कि 'मेक इन इंडिया' उत्पाद अब अमेरिका को 18 प्रतिशत की कम टैरिफ दर पर निर्यात किए जा सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया कि ये व्यापार समझौता भारत के निर्यात, रोजगार सृजन और विकास को बढ़ावा देगा और समृद्धि लाएगा। अमेरिकी पक्ष ने भी स्पष्ट किया है कि टैरिफ की अंतिम दर 18 प्रतिशत ही होगी।

### वेनेजुएला भारत का ऊर्जा क्षेत्र

*ट्रंप के वेनेजुएला से तेल खरीद से संबंधित दावों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि वेनेजुएला भारत का ऊर्जा क्षेत्र, व्यापार और निवेश को लेकर लंबे समय से सहयोगी रहा है। वेनेजुएला भारत का 2019-20 तक तेल खरीद का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। बाद में प्रतिबंधों के चलते हमने तेल खरीद रोक दी थी। वहीं भारतीय तेल कंपनियों का वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनियों के साथ सहयोग पहले से रहा है। ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत वेनेजुएला सहित किसी भी नए कच्चे तेल आपूर्तिकर्ता से जुड़े विकल्पों के वाणिज्यिक फायदों को जानने के लिए तैयार है।*

### विदेश मंत्रालय का करारा जवाब

*ट्रंप के इन बयानों के बीच, जब भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से साप्ताहिक प्रेस वार्ता में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बहुत सधा हुआ लेकिन कड़ा जवाब दिया। जायसवाल ने कहा, हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा और अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर फैसले लेते हैं।*

## सूर्य के रौद्र रूप से बड़ा खतरा


# भारत सहित दुनिया भर में रेडियो ब्लैकआउट या पावरग्रिड फेल होने की आशंका

*इसरो ने भीषण रेडियो ब्लैकआउट की चेतावनी जारी की*

*एक फरवरी से सूर्य लगातार पावरफुल सोलर फ्लेयर्स छोड़ रहा है*

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

सूर्य के अंदर अभी तेज हलचल मची है, जिसने वैज्ञानिकों को चिंतित कर दिया है। इसकी वजह है सौर तूफान, जिसके कारण लगातार सोलर फ्लेयर्स रिलीज हो रहे हैं, जो धरती तक पहुंच रहे हैं। एक फरवरी से सूर्य लगातार पावरफुल सोलर फ्लेयर्स छोड़ रहा है। इसरो से लेकर नासा ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है और कहा है कि भारत सहित दुनिया भर में रेडियो ब्लैकआउट या पावरग्रिड फेल होने की संभावना है।सोलर फ्लेयर्स सूर्य के अंदर होने वाले विस्फोटों की वजह से होते हैं और ये सोलर फ्लेयर्स चुंबकीय गुणों से भरे होते हैं, इन्हें सौर तूफान भी कहा जाता है। इसरो संभावित रेडियो ब्लैकआउट की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। बता दें कि तीव्र सौर तूफान, जब पृथ्वी की ओर बढ़ते हैं, तो उपग्रहों को नुकसान पहुंचाते हैं, टेलीविजन संकेतों को बाधित करते हैं और रडार तथा बिजली ग्रिड को प्रभावित करते हैं। नासा के स्पेस अलर्ट ने पुष्टि की है कि तेज फ्लेयर्स एक फरवरी को शुरू हुए थे।



## पीएम आज करेंगे विद्यार्थियों से 'परीक्षा पे चर्चा', मिलेगा तनाव से मुक्ति का मंत्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। पीएम नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन के जरिए छात्रों से रूबरू होंगे और उन्हें एग्जाम स्ट्रेस को दूर करने के गुर सिखाएंगे। पीएम मोदी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से किए गए ट्वीट के मुताबिक परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए एपिसोड को 6 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे लाइव कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षा पे चर्चा नए कलेबर के साथ आया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा देश के अलग अलग राज्यों के स्टूडेंट्स के साथ करेंगे। इसमें देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और दिल्ली के 7, एलकेएम के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष कुल 4,50,13,379 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए हैं। रजिस्ट्रेशन करने वालों में से स्टूडेंट्स की संख्या 4,19,14,056 टीचर्स की संख्या 24,84,259 और पेरेंट्स की संख्या 6,15,064 है। पिछले संस्करण में परीक्षा पे चर्चा के लिए 3.53 करोड़ से अधिक परीक्षा पे चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसके कारण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा इसे मान्यता दी गई थी।

## अमेरिका से ट्रेड डील पर 4-5 दिन में आ सकता है संयुक्त बयान : पीयूष



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर संयुक्त बयान अगले 4-5 दिन में आ सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर होने के बाद अमेरिका, भारत पर शुल्क घटाकर 18% करने का कार्यकारी आदेश जारी करेगा। भारतीय वस्तुओं पर वर्तमान में 25 प्रतिशत का जवाबी शुल्क और रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर 25% का अतिरिक्त शुल्क लगता है। गोयल ने पत्रकारों को बताया कि समझौते के पहले चरण के लिए कानूनी समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद एक विस्तृत कानूनी समझौता किया जाएगा। गोयल ने साथ ही बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

## यूएस ट्रेड डील पर कहा-दोनों देशों के संबंध प्रगति के रास्ते पर दौड़ने के लिए हैं तैयार

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर 2 से 4 फरवरी तक अमेरिका में थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। ईएएम जयशंकर ने अमेरिकी दौरे को प्रोडक्टिव और सकारात्मक बताया। उन्होंने ऐतिहासिक व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते संबंध में मजबूत रफ्तार साफ दिख रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा कर ईएएम एस. जयशंकर ने लिखा, अमेरिका का एक प्रोडक्टिव और सकारात्मक दौरा खत्म हुआ। सेक्रेटरी रुबियो को उनकी अच्छी मेहमान नवाजी के लिए धन्यवाद। ऐतिहासिक भारत-अमेरिका व्यापार समझौता डिटेलिंग के आखिरी स्टेज में है जो बहुत जल्द पूरी हो जाएगी। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक नया दौर शुरू करता है, जिसमें संबंधों के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं।




## खत्म हो गई परमाणु हथियार नियंत्रण संधि

# डोनाल्ड ट्रंप की अरुचि से एक बार फिर शुरू हो सकती है नए और घातक हथियारों की होड़

*भविष्य के किसी भी समझौते में चीन और अन्य पक्षों को भी होना चाहिए शामिल*

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका और रूस के बीच गुरुवार को अंतिम परमाणु हथियार नियंत्रण संधि समाप्त हो गई। 1972 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि दोनों महाशक्तियों के हथियार भंडार के आकार या संरचना पर कोई सीमा नहीं रह गई है। यह उस समय हुआ है जब दोनों देश नई पीढ़ी के परमाणु हथियारों और घातक वारहेड पहुंचाने के नए व बचाव में अधिक कारगर तरीकों के विकास की योजना बना रहे हैं। जब जनवरी में राष्ट्रपति ट्रंप से पूछा गया कि वह राष्ट्रपति व्लादिमीर वी. पुतिन के एक वर्ष के अनौपचारिक विस्तार के प्रस्ताव पर आगे क्यों नहीं बढ़े, तो उन्होंने कंधे उचका दिए। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, 'अगर यह समाप्त होती है, तो होने दीजिए। समाप्ति के बाद हम एक बेहतर समझौता करेंगे।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य के किसी भी समझौते में चीन और अन्य पक्षों को भी शामिल होना चाहिए। चीन ने स्पष्ट कर दिया है कि उसे इसमें कोई रुचि नहीं है।

### पनडुब्बियों पर नए एटमी वार हेड की तैयारी

गुरुवार केवल एक समाप्ति तिथि से अधिक मायने रखता है। अमेरिका अपनी सबसे बड़ी पनडुब्बियों पर अधिक परमाणु वारहेड तैनात करने की तैयारी कर रहा है और उसके प्रतिद्वंद्वी अब ऐसे नए प्रकार के परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी कम लोगों ने की थी। जब राष्ट्रपति रिचर्ड एम. निक्सन ने सोवियत संघ के साथ पहली हथियार सीमा संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब एक नए युग का संकेत मिला था। हालांकि शुरुआती प्रयासों में इतने छिद्र थे कि सोवियत और अमेरिकी शस्त्रागार तेजी से बढ़े और 1980 के दशक के अंत तक लगभग 62,000 परमाणु हथियारों के शिखर पर पहुंच गए। लेकिन फिर संधि दर संधि यह संख्या घटती गई।

### 1000 तक होंगे चीन के एटमी हथियार

दिसंबर में जारी ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नई परिस्थितियों को मुश्किल से छूती है। पेंटागन की वार्षिक चीनी सैन्य शक्ति रिपोर्ट ही उसके व्यापक विस्तार का उल्लेख करती है। इसके मुताबिक चीन के पास 600 हथियार हैं और अमेरिकी खुफिया आकलनों के अनुसार 2030 तक 1,000 से अधिक की ओर बढ़ने की आशंका है। लेकिन वह यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की पुतिन की बार-बार खुले तौर पर दी गई धमकियों जैसे तात्कालिक खतरे को नजरअंदाज करती है। ट्रंप अकेले नहीं हैं जो कहते हैं कि किसी भी नई हथियार नियंत्रण पहल में चीन को शामिल होना चाहिए।

**रूस व चीन भी बड़ी कवायद में जुटे :** बाइडेन प्रशासन में सेवा दे चुके अमेरिका के दो प्रमुख परमाणु रणनीतिकार विपिन नारंग और प्रणय वड्डी ने हाल ही में लिखा कि परमाणु हथियार पूरे प्रतिशोध के साथ लौट आए हैं। जहां अमेरिका और रूस ने अपने भंडार घटाए हैं, वहीं अन्य देश अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार कर रहे हैं। इसका प्रमाण हर जगह है पुतिन की समुद्र-तल और अंतरिक्ष-आधारित परमाणु हथियारों की योजनाओं से लेकर शी जिनपिंग के चीन की न्यूनतम प्रतिरोध नीति को छोड़कर वॉशिंगटन और मॉस्को की बराबरी करने लायक शस्त्रागार बनाने के फैसले तक।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28